**2025-26**
**BIHAR FOREST RANGE OFFICER**
PAPER I[st] & II[nd]
**PRACTICE BOOK**

यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग

# BIHAR FOREST RANGE OFFICER

**PAPER**
**I[st] & II[nd]**



# प्रैक्टिस बुक



| क्र.सं. | प्रश्न-पत्र | प्रश्न | अंक |
|---|---|---|---|
| (i) | प्रथम प्रश्न-पत्र | 50 | 100 |
| (ii) | द्वितीय प्रश्न-पत्र | 100 | 300 |
| | योग | 150 | 400 |

**विस्तृत व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र**

# विषय सूची

## हिन्दी ( प्रथम प्रश्न-पत्र )


- प्रैक्टिस सेट - 1 ........ 3-8
- प्रैक्टिस सेट - 2 ........ 9-14
- प्रैक्टिस सेट - 3 ........ 15-20
- प्रैक्टिस सेट - 4 ........ 21-26
- प्रैक्टिस सेट - 5 ........ 27-32
- प्रैक्टिस सेट - 6 ........ 33-37
- प्रैक्टिस सेट - 7 ........ 38-42
- प्रैक्टिस सेट - 8 ........ 43-47
- प्रैक्टिस सेट - 9 ........ 48-52
- प्रैक्टिस सेट - 10 ........ 53-58
- प्रैक्टिस सेट - 11 ........ 59-63
- प्रैक्टिस सेट - 12 ........ 64-69
- प्रैक्टिस सेट - 13 ........ 70-75
- प्रैक्टिस सेट - 14 ........ 76-80
- प्रैक्टिस सेट - 15 ........ 81-86


## सामान्य अध्ययन ( द्वितीय प्रश्न-पत्र )


- प्रैक्टिस सेट - 1 ........ 87-98
- प्रैक्टिस सेट - 2 ........ 99-111
- प्रैक्टिस सेट - 3 ........ 112-123
- प्रैक्टिस सेट - 4 ........ 124-135
- प्रैक्टिस सेट - 5 ........ 136-148
- प्रैक्टिस सेट - 6 ........ 149-160
- प्रैक्टिस सेट - 7 ........ 161-173
- प्रैक्टिस सेट - 8 ........ 174-185
- प्रैक्टिस सेट - 9 ........ 186-198
- प्रैक्टिस सेट - 10 ........ 199-210
- प्रैक्टिस सेट - 11 ........ 211-222
- प्रैक्टिस सेट - 12 ........ 223-235
- प्रैक्टिस सेट - 13 ........ 236-247
- प्रैक्टिस सेट - 14 ........ 248-260
- प्रैक्टिस सेट - 15 ........ 261-272


## पाठ्यक्रम

- **प्रथम प्रश्न-पत्र-** प्रथम प्रश्न-पत्र 50 बहुविकल्पीय प्रश्नों का 100 अंकों का सामान्य हिन्दी का होगा, जिसमें न्यूनतम अर्हतांक 30 अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा अन्यथा उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 02 अंक दिया जायेगा एवं गलत उत्तर के लिए 0.2 अंक काटा जायेगा। सामान्य हिन्दी पत्र के लिए परीक्षा की अवधि एक घंटे की होगी एवं सामान्य हिन्दी पत्र का प्राप्तांक मेधा के अवधारण में नहीं जोड़ा जायेगा।
- **द्वितीय प्रश्न-पत्र -** द्वितीय प्रश्न-पत्र सामान्य अध्ययन का होगा जो सामान्य ज्ञान एवं समसामायिकी मुद्दों, सामान्य विज्ञान, नागरिक शास्त्र, भारतीय इतिहास, भारतीय भूगोल, गणित एवं मानसिक योग्यता जाँच से संबंधित कुल 100 बहुविकल्पीय प्रश्नों का होगा, जिसका पूर्णांक 300 अंकों का होगा एवं परीक्षा की अवधि दो घंटे की होगी। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 03 अंक दिया जायेगा एवं प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.3 अंक काटा जायेगा।

# PRACTICE SET - 1

**1. 'कितनी करुणा कितने संदेश' में कौन-सा अलंकार है?**

(a) यमक (b) अनुप्रास
(c) श्लेष (d) उत्प्रेक्षा

**2. ''जहँ-तहँ मज्जा माँस रुचिर लखि परत बगारे।
जित-जित छिटके हाड़, सेत कहुँ, कहुँ रतनारे।।''
इस अवतरण में रस है–**

(a) वीभत्स रस (b) अद्‌भुत रस
(c) भयानक रस (d) हास्य रस

**3. ''आशातीत'' में कौन-सा तत्पुरुष समास पाया जाता है?**

(a) अपादान (b) सम्प्रदान
(c) सम्बन्ध (d) अधिकरण

**4. ''फूल'' का पर्यायवाची नहीं है-**

(a) सुमन (b) पुष्प
(c) तनुजा (d) कुसुम

**5. निम्न में से किस विकल्प में सही विलोम-युग्म नहीं हैं?**

(a) आसक्ति × नास्तिक
(b) झुकाव × तनाव
(c) जटिल × सरल
(d) मिलन × वियोग

**6. निम्न में से कौन-सा शब्द तद्‌भव नहीं है?**

(a) तीखा (b) आदमी
(c) जीभ (d) ढीठ

**7. इनमें से 'किन्नर' का सन्धि-विच्छेद है**

(a) किम् + नर (b) किन्र् + अर
(c) किन् + नर (d) कित् + नर

**8. स्वर संधि कितने प्रकार की होती है?**

(a) दो (b) तीन
(c) चार (d) पाँच

**9. 'चिरन्तन' का सही विलोम शब्द है :**

(a) नश्वर (b) अचिन्तन
(c) अचर (d) अचेतन

**10. इनमें स्त्रीलिंग शब्द कौन-सा है?**

(a) संदेश (b) खत
(c) चिट्ठी (d) पत्र

**11. टिड्डी शब्द का बहुवचन क्या है?**

(a) टिड्डी दल (b) टिड्डीगण
(c) टिड्डीवर्ग (d) टिड्डीजन

**12. गूँगे का गुड़**

(a) अवर्णनीय दुःख
(b) अवर्णनीय सुख
(c) निन्दनीय कार्य
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

**13. 'गुरु के समीप रह कर शिक्षा ग्रहण करने वाला' के लिए एक शब्द है-**

(a) गुरुकुलवासी (b) छात्रावासी
(c) अन्तेवासी (d) आश्रमवासी

**14. अनाधिकार का शुद्ध रूप है।**

(a) अनधिकार
(b) अनाधीकार
(c) अन अधिकार
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

**15. बरसात में सरिताओं में बाढ़ आ जाती है का शुद्ध वाक्य है।**

(a) बरसात में नदियों में बाढ़ आ जाती है।
(b) बरसात में पहाड़ों पर भी बाढ़ आ जाती है।
(c) बरसात में पूरी सृष्टि बाढ़ में डूब जाती है।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

**16. 'प्रभु जी तुम चंदन हम पानी' पंक्ति किस कवि की है?**

(a) कबीरदास (b) रैदास
(c) हरिदास निरंजनी (d) दादूदयाल

**17. निम्न में कौन सा शब्द अनेकार्थक है?**

(a) साहस (b) पुस्तक
(c) अंबर (d) बालक

**18. किस विकल्प में शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही नहीं है।**

| | शब्द-युग्म | अर्थ-भेद |
|---|---|---|
| (a) | अभिराम – अविराम | स्थिर – लगातार |
| (b) | आदि – आदी | आरम्भ – अभ्यस्त |
| (c) | अचल – अंचल | स्थिर – क्षेत्र |
| (d) | अयश – अयस | बदनामी – लोहा |

**19. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।
बच्चे शांतिपूर्वक बैठो।**

(a) 0 (b) !
(c) ..... (d) ;

**20. क्रिया के रूपान्तरण को कहते हैं–**

(a) विशेषण (b) सर्वनाम
(c) वाच्य (d) कारक

**21. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द अव्यय नहीं है?**

(a) जूता
(b) आज
(c) भीतर
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

**22. अभ्युदय शब्द में उपसर्ग है?**

(a) अ
(b) अभ्
(c) अभि
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**23. निम्नलिखित में संज्ञा शब्द पहचानिए।**

(a) मीठा (b) मधुर
(c) चतुर (d) चातुर्य

**24. सर्वनाम के कुल कितने भेद होते हैं?**

(a) 5 (b) 6
(c) 7 (d) 8

**25. 'प्रविशेषण' को कामता प्रसाद गुरु ने इनमें से कहा है–**

(a) अन्तर्विशेषण (b) सामान्य विशेषण
(c) बाह्य विशेषण (d) असामान्य विशेषण

**26. 'बालक इस पुस्तकालय में पढ़ रहा है।' वाक्य में.......... क्रिया है।**

(a) संयुक्त (b) सहायक
(c) अकर्मक (d) सकर्मक

**27. हिंदी की उप-भाषाओं की संख्या है :**

(a) 06 (b) 07
(c) 05 (d) 04

**28. इनमें से किस-से शब्द का आरंभ नहीं होता है?**

(a) फ (b) ड़
(c) ड (d) ज

**29. मिश्र वाक्य- 'इस गाँव का जो प्रधान है, वह अच्छा आदमी नहीं है।'**

**उपर्युक्त वाक्य के लिए निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा एक उचित सरल वाक्य होगा?**

(a) प्रधान अच्छा आदमी इस गाँव का नहीं है।
(b) जो प्रधान है, वह बिलकुल अच्छा आदमी नहीं है।
(c) इस गाँव का प्रधान अच्छा आदमी नहीं है।
(d) गाँव का जो प्रधान वह अच्छा आदमी नहीं है।

**30. ''जिलाधिकारी ने सबको उपस्थित रहने का निर्देश दिया है'' में कौन-सा वाच्य है?**

(a) कर्म वाच्य (b) कर्तृ वाच्य
(c) कर्म एवं कर्तृ वाच्य (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**31. निम्नलिखित विकल्पों में दो शब्दों का जोड़ा (प्रथमःद्वितीय) दिया जा रहा है। वह जोड़ा ज्ञात करें, जिसमें द्वितीय शब्द का अर्थ प्रथम शब्द के विपरीत हो।**

(a) अधमःउत्तम
(b) सत्वःसार
(c) स्वत्वःअधिकार
(d) छटाःशोभा

**32. अर्थ के आधार पर शब्द कितने प्रकार के होते है?**

(a) 3 (b) 4
(c) 5 (d) 6

**33. छंदों की गणना किससे की जाती है?**

(a) शब्द और वर्ण
(b) धातु और स्वर
(c) वर्ण और मात्रा
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**नीचे पूछे गए प्रश्न संख्या 34 से 38 के उत्तर निम्न गद्यांश के आधार पर दीजिए।**

**सौर परिवार में पृथ्वी पर ही जीवन का अस्तित्व है। सभी सजीवों (पौंधे और जंतु) में उपापचयी क्रियाएँ (पोषण, श्वसन एवं उत्सर्जन), आकार में 1. _______, शरीर के विभिन्न अंगों में समन्वय, कार्य करने की क्षमता तथा उद्दीपन के प्रति संवेदना होती है। वृद्धि की विशेषावधि के पश्चात सभी पौधे तथा जंतु जनन द्वारा अपने जैसी ही संतति उत्पन्न करते हैं। सभी पौधे तथा जंतुओं की निश्चित 2. _______ होती है, परंतु कोई भी दो पौधे या जंतु एक समान नहीं होते हैं। ऐसी विभिन्नताएँ 3. _______ के समय उत्पन्न होती हैं तथा जैविक विकास के लिए मुख्य 4. _______ बनती हैं सजीव तंत्र के विलक्षण संगठन के कारण ही विभिन्न जैविक क्रियाएँ संभव हैं। संगठन के विभिन्न स्तर हैं आणविक, कोशिकीय, ऊतकीय, अंगतंत्र, व्यष्टि, समष्टि (जनसंख्या), समुदाय, पारिस्थितिक तंत्र एवं जीव मण्डल। संगठन के इन नौ स्तरों के अंतर्गत 5. _______ के गुण के पल कोशिकीय स्तर पर दिखाई देते हैं तथा जीवमंडल से आगे नहीं जाते। कोशिकाएँ विभिन्न आकार और आकृति की हो सकती हैं। कुछ जीव एककोशिकीय होते हैं, जबकि कुछ बहुकोशिकीय होते हैं। प्रत्येक कोशिका का एक निश्चित आकार होता**

है तथा उसमें विभिन्न कार्यों के लिए अनेक कोशिकांग होते हैं। इस प्रकार कोशिका किसी भी जीव की इकाई है और सभी कोशिकाएँ पहले से निर्मित कोशिका से विकसित होती हैं।

**34. रिक्त स्थान 1 के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द इनमें से क्या होगा?**

(a) ब्याज (b) ऋण
(c) वृद्धि (d) रत्न

**35. रिक्त स्थान 2 के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द इनमें से वाक्य होगा?**

(a) विन्यास (b) आकृति
(c) आकार (d) विकार

**36. रिक्त स्थान 3के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द इनमें से क्या होगा?**

(a) प्रवास (b) जनन
(c) जननी (d) मृत्यु

**37. रिक्त स्थान 4 के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द इनमें से क्या होगा?**

(a) आकार (b) रेखा
(c) प्रकार (d) आधार

**38. रिक्त स्थान 5 के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द इनमें से क्या होगा?**

(a) विकास (b) मरण
(c) जीवन (d) जीव

**39. 'अशर्फियाँ लुटें और कोयले पर मोहर' लोकोक्ति का अर्थ क्या होगा?**

(a) बड़े-बड़े खर्चों पर ध्यान न देना, छोटे खर्चों में कंजूसी दिखाना।
(b) सराहना के बिना योग्यता का व्यर्थ हो जाना।
(c) स्वाभाविक दोषों का किसी अन्य कारण से और अधिक बढ़ जाना।
(d) एक वस्तु में होने वाला लाभ दूसरी वस्तु में हुई हानि में नष्ट हो जाना।

**40. निम्न में से संधि का कौन सा युग्म गलत है?**

(a) अनूदित = अनु + उदित
(b) अवनींद्र = अवनी + इंद्र
(c) श्रद्धानंद = श्रद्ध + आनंद
(d) भूद्धार = भू + उद्धार

**41. 'आपादमस्तक' किस समास का उदाहरण है?**

(a) द्वंद्व समास (b) अव्ययीभाव समास
(c) तत्पुरुष समास (d) द्विगु समास

**42. दिए गये शब्दों में से कौन एक 'स्त्रीलिंग' नहीं है?**

(a) रामायण (b) प्रार्थना
(c) मछली (d) मकान

**43. निम्नलिखित में से तत्सम शब्द हैः**

(a) आँसू (b) आँख
(c) असीस (d) अक्षर

**44. कौन स्वर नहीं है?**

(a) अ (b) उ
(c) ए (d) ब

**45. सौंदर्यता का शुद्ध रूप है?**

(a) सौंदर्य
(b) सोन्दरता
(c) सुदर्य
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**46. अध्याहार का अर्थ है :**

(a) वाक्य में आधा अर्थ प्रकट होना।
(b) वाक्य में किसी अंग का लोप हो जाना।
(c) वाक्य में कर्त्ता और कर्म का जुड़ जाना।
(d) वाक्य में संपर्क छिन्न हो जाना।

**47. समश्रुत शब्द 'अलि-अली' शब्द युग्म का सही अर्थ क्या है?**

(a) कंधा-हिस्सा (b) दसन-दर्शन
(c) दमन-दामन (d) भौंरा-सखी

**48. संपूर्ण शब्द में उपसर्ग है–**

(a) स
(b) सम्
(c) संन्
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

**49. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य है–**

(a) आपसे सानुरोध उचित प्रार्थना है कि आप हमारे पास अवश्य पधारे
(b) आपसे सानुरोध प्रार्थना है कि आप उचित तरीके से हमारे पास अवश्य पधारें।
(c) आपसे सानुरोध प्रार्थना है, कि हमारे घर अवश्य पधारें।
(d) आपसे सानुरोध उचित प्रार्थना है कि हमारे घर अवश्य पधारें।

**50. वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही शब्द निर्दिष्ट कीजिएः**

**अधिकारी कुर्सी..............बैठा है।**

(a) में (b) के ऊपर
(c) के साथ (d) पर

# SOLUTION : PRACTICE SET- 1

## ANSWER KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (b) | 6. (b) | 11. (a) | 16. (b) | 21. (a) | 26. (d) | 31. (a) | 36. (b) | 41. (b) | 46. (c) |
| 2. (a) | 7. (a) | 12. (b) | 17. (c) | 22. (c) | 27. (c) | 32. (b) | 37. (d) | 42. (d) | 47. (d) |
| 3. (a) | 8. (d) | 13. (c) | 18. (a) | 23. (d) | 28. (b) | 33. (c) | 38. (c) | 43. (d) | 48. (b) |
| 4. (c) | 9. (a) | 14. (a) | 19. (b) | 24. (b) | 29. (c) | 34. (c) | 39. (a) | 44. (d) | 49. (c) |
| 5. (a) | 10. (c) | 15. (a) | 20. (c) | 25. (a) | 30. (b) | 35. (b) | 40. (c) | 45. (a) | 50. (d) |

## SOLUTION

**1. (b)**

दी गयी पंक्ति 'कितनी करुणा कितने संदेश' में अनुप्रास अलंकार है। जहाँ वर्णों की आवृत्ति एक से अधिक बार हो, वहाँ अनुप्रास अलंकार होता है। **जैसे–** ''तरनि तनूजा तट तमाल तरुवर बहु छाये।''

**2. (a)**

''जहँ-तहँ मज्जा माँस रुचिर लखि परत बगारे।

जित-जित छिटके हाड़, सेत कहुँ, कहुँ रतनारे।।''

पंक्ति में वीभत्स रस है। जिस काव्य को पढ़कर मन में जुगप्सा तथा घृणा के भाव आते हैं वहाँ वीभत्स रस होता है।

**3. (a)**

आशातीत-आशा से अतीत में अपादान तत्पुरुष (पंचमी तत्पुरुष) है। इसमें कारक की विभक्ति 'से' (अलग होने के अर्थ में) लुप्त हो जाती है। जैसे–

पापमुक्त – पाप से मुक्त

जलहीन – जल से हीन

पदच्युत – पद से च्युत

**4. (c)**

सुमन, पुष्प, कुसुम 'फूल' के पर्यायवाची शब्द हैं, इसके अन्य पर्यायवाची शब्द प्रसून, लता, मंजरी, गुल हैं, जबकि तनुजा, बेटी या पुत्री का पर्यायवाची शब्द है।

**5. (a)**

| **शब्द** | | **विलोम** |
|---|---|---|
| आस्तिक | - | नास्तिक |
| झुकाव | - | तनाव |
| जटिल | - | सरल |
| मिलन | - | वियोग |

**6. (b)**

दिए गए विकल्पों में 'आदमी' शब्द तद्भव शब्द नहीं है। यह फारसी भाषा का शब्द है। शेष विकल्पों में दिये गये शब्द तीखा, जीभ, ढीठ तद्भव शब्द हैं, जिनके तत्सम शब्द क्रमशः तीक्ष्ण, जिह्वा एवं धृष्ठ हैं।

**7. (a)**

'किन्नर' शब्द का सही संधि विच्छेद 'किम् + नर' होगा। यह व्यंजन संधि का उदाहरण है। व्यंजन से स्वर अथवा व्यंजन के मेल से उत्पन्न विकार को 'व्यंजन संधि' कहते हैं।

जैसे- उत् + नायक = उन्नायक

उत् + नति = उन्नति

**8. (d)**

**स्वर संधि**–स्वर के बाद स्वर अर्थात् दो स्वरों के मेल से जो विकार (परिवर्तन) होता है, स्वर संधि कहलाता हैः **जैसे–**

सूर्य + अस्त = सूर्यास्त

महा + आत्मा = महात्मा

स्वर संधि के निम्नलिखित **पाँच** भेद हैं-

1. दीर्घ संधि 2. गुण संधि 3. वृद्धि संधि
4. यण संधि 5. अयादि संधि

**9. (a)**

**व्याख्या–**'चिरन्तन' शब्द का सही विलोम 'नश्वर' है। जबकि 'अचर' का 'चर', 'अचेतन' का 'चेतन' एवं 'अचिन्तन' का 'चिन्तन' विलोम शब्द होता है।

**10. (c)**

'चिट्ठी' स्त्रीलिंग शब्द है। शेष शब्द संदेश, खत, पत्र इत्यादि पुल्लिंग शब्द हैं।

**11. (a)**

प्रश्नगत शब्द 'टिड्डी' का बहुवचन 'टिड्डी दल' है। शेष विकल्प असंगत हैं। कभी-कभी कुछ शब्दों को बहुवचन बनाने के लिए कुछ अतिरिक्त शब्द जोड़े जाते हैं। जैसे–

वृन्द – मुनिवृन्द गण – कृषकगण

लोग – नेता लोग वर्ग – छात्र वर्ग

**12. (b)**

'गूँगे का गुड़' लोकोक्ति का अर्थ 'अवर्णनीय सुख' होगा।

**13. (c)**

'गुरु के समीप रह कर शिक्षा ग्रहण करने वाला' के लिए एक शब्द है 'अन्तेवासी'। शेष विकल्प असंगत हैं।

**14. (a)**
अनाधिकार का शुद्ध रूप अनधिकार होता है, जबकि अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

**15. (a)**
'बरसात में नदियों में बाढ़ आ जाती है।' बोलचाल की भाषा के अनुसार सही वाक्य है। शेष वाक्य त्रुटिपूर्ण हैं।

**16. (b)**
'प्रभु जी तुम चंदन हम पानी' पंक्ति संत काव्यधारा के प्रमुख कवि 'रैदास' द्वारा रचित है। संत कवि रैदास का जन्म काशी में चर्मकार कुल में हुआ था। इनकी रचनाओं को 'आदि गुरु ग्रंथ साहिब' में संकलित किया गया है। रैदास 'रामानन्द' के शिष्य थे तथा प्रसिद्ध कृष्ण भक्ति काव्यधारा की कवयित्री 'मीराबाई' के गुरु माने जाते हैं।

**17. (c)**
'अंबर' अनेकार्थक शब्द है जिसका अर्थ वस्त्र, आकाश, बादल आदि होता है।

**18. (a)**
दिए गए शब्द-युग्म 'अभिराम-अविराम = स्थिर-लगातार' का अर्थ-भेद सही नहीं है।

● अभिराम' का अर्थ 'सुन्दर' तथा 'अविराम' का अर्थ 'लगातार' होता हैं।

अन्य विकल्पों के शब्द-युग्म अर्थ-भेद की दृष्टि से सही है।

**19. (b)**
दिए गए वाक्य 'बच्चे शांतिपूर्वक बैठो' में उपयुक्त विराम चिह्न (!) का प्रयोग होगा।

अतः शुद्ध वाक्य निम्न होगा - बच्चे! शान्तिपूर्वक बैठो।

**20. (c)**
क्रिया के रूपांतरण को वाच्य कहते हैं। क्रिया मुख्यतया दो प्रकार की होती है–

1. सकर्मक क्रिया। 2. अकर्मक क्रिया।

**21. (a)**
दिए गए विकल्पों में 'जूता' शब्द अव्यय नहीं है। यह जातिवाचक संज्ञा शब्द है जबकि आज, भीतर अव्यय शब्द हैं। अव्यय अविकारी शब्द हैं जिस पर लिंग, वचन तथा कारक का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

अव्यय के चार भेद होते हैं-

(i) क्रियाविशेषण अव्यय

(ii) सम्बन्धबोधक अव्यय

(iii) समुच्चयबोधक अव्यय

(iv) विस्मयादिबोधक अव्यय

**22. (c)**
'अभ्युदय' शब्द में 'अभि उपसर्ग' लगा है। 'अभि' उपसर्ग से बने शब्द हैं- अभियोग, अभियुक्त, अभिमान, अभिशाप आदि।

**23. (d)**
'चातुर्य' 'संज्ञा' शब्द है। शेष दिए गए तीनों विकल्प मीठा, मधुर, चतुर विशेषण शब्द हैं। इनसे निर्मित संज्ञा इस प्रकार है–मिठास, मधुरता एवं चतुराई।

**24. (b)**
जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होते हैं, उन्हें सर्वनाम कहते हैं। सर्वनाम के छः भेद होते हैं–

(1) पुरुषवाचक सर्वनाम (2) निश्चयवाचक सर्वनाम

(3) निजवाचक सर्वनाम (4) सम्बन्धवाचक सर्वनाम

(5) अनिश्चयवाचक सर्वनाम (6) प्रश्नवाचक सर्वनाम

**25. (a)**
'प्रविशेषण' को कामता प्रसाद गुरु ने अन्तर्विशेषण कहा है। विशेषण शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्दों को प्रविशेषण कहा जाता है। जैसे–मोहन बहुत सुन्दर है। यहाँ 'सुन्दर' विशेषण है और 'बहुत' प्रविशेषण है क्योंकि 'बहुत' 'सुन्दर' की विशेषता बता रहा है।

**26. (d)**
'बालक इस पुस्तकालय में पढ़ रहा है।' वाक्य में सकर्मक क्रिया है। वे क्रिया जिनको करने के लिए कर्म की आवश्यकता होती है (अर्थात् इन क्रियाओं का असर सीधा कर्म पर पड़ता है), सकर्मक क्रिया कहलाती हैं। जैसे–राम फल खाता है, अंकित टी.वी. देख रहा है। 'पढ़ना' क्रिया का सम्पादन बिना कर्म (पुस्तक) के सम्भव नहीं है। अतः 'पढ़ना' सकर्मक क्रिया है।

**27. (c)**
हिन्दी की कुल पाँच उपभाषाएँ हैं जो निम्न हैं–

राजस्थानी हिन्दी, पश्चिमी हिन्दी, पूर्वी हिन्दी, बिहारी हिन्दी तथा पहाड़ी हिन्दी।

सर्वमान्य मतों के अनुसार हिन्दी- भाषा के अंतर्गत 5 उपभाषाओं एवं 18 बोलियों को ही स्थान मिला है।

**28. (b)**
दिये गये विकल्पों में 'ड़' से किसी शब्द का आरंभ नहीं होता है जबकि 'फ','ड' और 'ह' से शब्द का आरम्भ होता है। अतः विकल्प **(b)** सही है।

**29. (c)**
उक्त मिश्र वाक्य का सरल वाक्य होगा- इस गाँव का प्रधान अच्छा आदमी नहीं है।

**30. (b)**
"जिलाधिकारी ने सबको उपस्थित रहने का निर्देश दिया है।" इस वाक्य में कर्तृ वाच्य है। 'क्रिया के जिस रूप से कर्ता के प्रधानता का बोध होता है, उसे कर्तृ वाच्य कहते हैं।' कर्तृ वाच्य में सकर्मक तथा अकर्मक दोनों क्रियाएँ उपस्थित होती हैं।

उदाहरण - रमेश आम खाता है।

गोपाल बाजार से दूध लाता है।

**31. (a)**
दिये गये विकल्पों में 'अधम : उत्तम' शब्दों का जोड़ा एक-दूसरे के विपरीतार्थक हैं, जबकि अन्य सभी विकल्पों में शब्दों के जोड़े एक-दूसरे के समानार्थी हैं।

**32. (b)**
अर्थ के आधार पर शब्द चार प्रकार के होते हैं-

(1) एकार्थी शब्द (2) अनेकार्थी शब्द (3) समानार्थी/पर्यायवाची शब्द (4) विपरीतार्थी/ विलोम शब्द।

**33. (c)**
छंदों की गणना 'वर्ण और मात्रा' से की जाती है। अक्षरों की संख्या एवं क्रम, मात्रा गणना तथा यति-गति से संबद्ध विशिष्ट नियमों से नियोजित पद्य रचना छंद कहलाती है। वर्ण और मात्रा के विचार सें छंद के चार भेद होते हैं– (1) वर्णिक छंद (2) वर्णिक वृत्त (3) मात्रिक छंद (4) मुक्त छंद।

**34. (c)**
दिये गये गद्यांश में रिक्त स्थान (1) की पूर्ति हेतु सर्वाधिक उपयुक्त शब्द 'वृद्धि' होगा।

अतः पूर्ण वाक्य होगा - सभी सजीवों (पौधे और जंतु) में उपापचयी क्रियाएँ (पोषण, श्वसन एवं उत्सर्जन) आकार में वृद्धि, शरीर के विभिन्न अंगों में समन्वय, कार्य करने की क्षमता तथा उद्दीपन के प्रति संवेदना होती है।

**35. (b)**
दिए गए गद्यांश मे ंरिक्त स्थान (2) की पूर्ति हेतु सर्वाधिक उपर्युक्त शब्द 'आकृति' होगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा- सभी पौधे एवं जन्तुओं की निश्चित आकृति होती है।

**36. (b)**
दिये गये गद्यांश में रिक्त स्थान (3) की पूर्ति हेतु सर्वाधिक उपयुक्त शब्द 'जनन' होगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा ऐसी विभिन्नताएँ जनन के समय उत्पन्न होती हैं।

**37. (d)**
दिये गये गद्यांश मे रिक्त स्थान (4) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द 'आधार' होगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा- जैविक विकास के लिए मुख्य आधार बनती हैं।

**38. (c)**
दिये गये गद्यांश में रिक्त स्थान (5) के लिए उपयुक्त शब्द 'जीवन' होगा। **अतः** पूर्ण वाक्य होगा- संगठन के इन नौ स्तरों के अंतर्गत जीवन के गुण केवल कोशिकीय स्तर पर दिखाई देते हैं।

**39. (a)**
दी गयी लोकोक्ति 'अशर्फियाँ लूटें और कोयले पर मोहर' लोकोक्ति का सही अर्थ होगा-बड़े-बड़े खर्चों पर ध्यान न देना, छोटे खर्चों में कंजूसी दिखाना।

**40. (c)**
दिये गये विकल्पों में 'श्रद्धानंद = श्रद्ध + आनंद' संधि का युग्म गलत है। इसका शुद्ध रूप होगा- 'श्रद्धा + आनंद' होगा। यह दीर्घ स्वर संधि का उदाहरण है। अन्य सभी विकल्प युग्म शुद्ध हैं।

**41. (b)**
आपादमस्तक (पाद से लेकर मस्तक तक) अव्ययीभाव समास का उदाहरण है।

**42. (d)**
दिए गए विकल्पों में 'मकान' शब्द पुल्लिंग है। अन्य शब्द स्त्रीलिंग है।

**43. (d)**
दिये गये विकल्पों में 'अक्षर' तत्सम शब्द है जबकि अन्य सभी शब्द तद्भव हैं।

| **तत्सम** | | **तद्भव** |
|---|---|---|
| अक्षर | - | आखर/अच्छर |
| अश्रु | - | आँसू |
| अक्षि | - | आँख |
| आशीष | - | असीस |

**44. (d)**
उपर्युक्त विकल्पों में 'ब' स्वर नहीं है। यह एक स्पर्श व्यंजन है। यह प वर्ग का तृतीय वर्ण है, जिसका उच्चारण स्थान ओष्ठ है।

**45. (a)**
सौंदर्यता का शुद्ध रूप सौंदर्य होता है, जबकि अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

**46. (c)**
'अध्याहार' शब्द का उपयुक्त अर्थ है– 'वाक्य में कर्त्ता और कर्म का जुड़ जाना।' मूलतः अध्याहार का शाब्दिक अर्थ है– तर्क-वितर्क, ऊहापोह। वाक्य को पूरा करने के लिए उसमें कुछ शब्द ऊपर से जोड़ना या अस्पष्ट वाक्यों को दूसरे शब्दों में स्पष्ट करने की क्रिया 'अध्याहार' कहलाती है।

**47. (d)**

| **समश्रुत शब्द** | | **अर्थ** |
|---|---|---|
| अलि-अली | – | भौंरा-सखी |
| अंस-अंश | – | कंधा-हिस्सा |
| दमन-दामन | – | दबाना-साड़ी का किनारा |
| दसन-दर्शन | – | दांत-देखना |

**48. (b)**
'संपूर्ण' शब्द में 'सम्' उपसर्ग है। 'सम्' उपसर्ग से बने शब्द हैं- संकल्प, संयोग, संतोष, सम्मेलन, संस्कार आदि।

**49. (c)**
दिये गये विकल्प में शुद्ध वाक्य 'आपसे सानुरोध प्रार्थना है, कि हमारे घर अवश्य पधारें। शेष विकल्प गलत हैं।

**50. (d)**
दिए गए शब्दों में अधिकारी कुर्सी **पर** बैठा है। इसमें 'अधिकरण कारक' का प्रयोग हुआ है। क्रिया या आधार को सूचित करने वाली संज्ञा या सर्वनाम के स्वरूप को अधिकरण कारक कहते हैं।

# PRACTICE SET - 2

**1. जिस पंक्ति या जिन पंक्तियों के अंत में एक ही वर्ण और एक ही स्वर की आवृत्ति होती है तो वहाँ कौन-सा अलंकार होता है?**

(a) वृत्यानुप्रास अलंकार
(b) छेकानुप्रास अलंकार
(c) श्रुत्यानुप्रास अलंकार
(d) अंत्यानुप्रास अलंकार

**2. 'देखि सुदामा की दीन दशा, करुणा करिकै करुनानिधि रोये' में कौन सा रस है–**

(a) वियोग शृंगार (b) रौद्र
(c) करुण (d) शान्त

**3. 'परीक्षा-केंद्र' में इनमें से कौन-सा समास है?**

(a) अपादान तत्पुरुष (b) अधिकरण तत्पुरुष
(c) संप्रदान तत्पुरुष (d) इनमें से कोई नहीं

**4. निम्नलिखित में से एक 'समुद्र' का पर्यायवाची शब्द नहीं है :**

(a) जलधि (b) जलधाम
(c) जलनिधि (d) जलाधिप

**5. 'अल्प' का विलोम शब्द क्या है?**

(a) ज्ञान (b) कल्प
(c) स्वल्प (d) अति

**6. 'अगहन' का तत्सम रूप कौन–सा है?**

(a) अग्रहायण (b) अगहण
(c) आग्रहण (d) अग्रासन

**7. 'देव्यागम' का संधि-विच्छेद होगा-**

(a) देवी + आगम
(b) देव + आगम
(c) देव्य + आगम
(d) देव्या + अगम

**8. 'गीतांजलि' का सही संधि-विच्छेद कौन-सा है?**

(a) गीता + अंजलि
(b) गीता + अंजली
(c) गीतां + जलि
(d) गीत + अंजलि

**9. निम्नलिखित में 'अनघ' का विलोम है–**

(a) निरघ (b) निष्पाप
(c) कृती (d) अघी

**10. निम्नलिखित में से ईकारान्त संज्ञा (स्त्रीलिंग) नहीं हैः**

(a) नदी (b) टोपी
(c) उदासी (d) पहिया

**11. किस वाक्य में एकवचन का प्रयोग हुआ है?**

(a) लड़के लड़कों को मार रहे हैं।
(b) लड़कों ने लड़कों को मारा।
(c) लड़के ने लड़के को मारा।
(d) लड़के लड़के को मार रहे हैं।

**12. प्रस्तुत विकल्पों में से लोकोक्ति को पहचानिए।**

(a) आ बैल मुझे मार
(b) टेढ़ी उँगली से अचार निकालना
(c) घाट-घाट का जूस पीना
(d) तिल का लड्डू बनाना

**13. 'द्विज' शब्द के लिए उपयुक्त वाक्य खंड चुनिए।**

(a) बहुत बोलने वाला (b) दो बार जन्म लेने वाला
(c) बहुत जानने वाला (d) पहले जन्म लेने वाला

**14. एक की वर्तनी शुद्ध है-**

(a) अधिकारिक (b) आधिकारिक
(c) अधिकारक (d) अधीकारिक

**15. दूरदर्शन की अनेक श्रृंखलाएँ प्रसिद्ध हैं।**

(a) दूरदर्शन के अनेक नाटक प्रसिद्ध है।
(b) दूरदर्शन के अनेक फिल्में प्रसिद्ध है।
(c) दूरदर्शन के अनेक धारावाहिक प्रसिद्ध हैं।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

**16. तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस में कितने कांड हैं?**

(a) आठ (b) पाँच
(c) सात (d) बारह

**17. इनमें से कौन-सा शब्द 'अलि' शब्द का अर्थ है?**

(a) गले का आभूषण (b) भ्रमर
(c) सखी (d) सहेली

**18. निम्न में से कौन सा 'आधि-व्याधि' शब्द युग्म में आधि का अर्थ है?**

(a) मानसिक कष्ट
(b) आधा
(c) पागलपन
(d) अधकपारी जैसे रोग

**19. निम्नलिखित विराम चिह्न में से कौन-सा विवरण चिह्न है?**

(a) :-  (b) ""
(c) ,  (d) ;

**20. रचना की दृष्टि से क्रिया के भेद हैं–**

(a) तीन  (b) दो
(c) चार  (d) पाँच

**21. 'मैं वहाँ होकर आया हूँ।'– वाक्य में अव्यय शब्द कौन सा है?**

(a) मैं  (b) वहाँ
(c) होकर  (d) हूँ

**22. दिए गए शब्द का उपसर्ग ज्ञात कीजिए।**
**अधोमुखी**

(a) अध  (b) अतः
(c) अधः  (d) अधो

**23. हिंदी में शब्दों का लिंग-निर्धारण किसके आधार पर होता है? निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प को चिह्नित कीजिए–**

(a) संज्ञा  (b) विशेषण
(c) क्रिया  (d) सर्वनाम

**24. 'मुझे' किस प्रकार का सर्वनाम है?**

(a) उत्तम पुरुष  (b) मध्यम पुरुष
(c) अन्य पुरुष  (d) इनमें से कोई नहीं

**25. कुसुम का विशेषण है?**

(a) कुसुमता  (b) कुसुमित
(c) कुसुमति  (d) कुसुमलता

**26. यदि 'उजड़ना' अकर्मक क्रिया है, तो इसकी सकर्मक क्रिया क्या होगी?**

(a) उजड़वाना  (b) उजाड़ देना
(c) उजाड़ना  (d) उजाड़

**27. संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार, संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी है ?**

(a) अनुच्छेद 346  (b) अनुच्छेद 342
(c) अनुच्छेद 344  (d) अनुच्छेद 343

**28. संस्कृत भाषा में अक्षरों की संख्या कितनी है?**

(a) 44  (b) 45
(c) 46  (d) 49

**29. निम्नलिखित वाक्य को सरल वाक्य में परिवर्तित करें।**
**'अतिथि आये और कार्यक्रम शुरू हुआ'**

(a) अतिथि के आते ही कार्यक्रम शुरू हुआ
(b) अतिथि आये, कार्यक्रम शुरू हुआ
(c) अतिथि के आने पर ही कार्यक्रम शुरू हो पाया
(d) दिए हुए वाक्य में परिवर्तन संभव नहीं है।

**30. जब किसी वाक्य की क्रिया के लिंग, वचन और पुरुष, कर्ता के लिंग, वचन और पुरुष के अनुसार हो तब वाक्य में कौन-सा वाच्य होता है?**

(a) कर्मवाच्य  (b) कर्तृवाच्य
(c) भाववाच्य  (d) ये सभी

**31. निम्नलिखित में कौन-सा विलोम-युग्म त्रुटिपूर्ण है?**

(a) क्षर – अक्षर
(b) समास – व्यास
(c) स्वल्पायु – चिरायु
(d) आहार – विहार

**32. 'अपर्णा' शब्द का पर्यायवाची है -**

(a) औरत  (b) देवांगना
(c) आराधना  (d) पार्वती

**33. 'चौपाई' छंद का पूर्व रूप है :**

(a) पद्धड़िया  (b) पज्झटिका
(c) अरिल्ल  (d) चौपई

**निर्देश प्रश्न संख्या 34 से 38 के लिए-**

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा प्रश्न संख्या 34 से 38 तक के उत्तर इस गद्यांश के आधार पर दीजिए-**

**''हर एक राष्ट्र अपनी संस्कृति के बल पर ही प्रगति करता है। सांस्कृतिक धरोहर के माध्यम से ही वह अपना जीवन सुखी, उपयोगी, शान्त तथा आनन्दमय बना सकता है। सभ्यता एवं संस्कृति में घनिष्ठ सम्बन्ध होते हुए भी अंतर है। जीवन को श्रेष्ठ तथा उन्नत बनाने की साधनाओं का नाम संस्कृति है और उन साधनाओं से प्राप्त जीवन प्रणाली का नाम सभ्यता है। किसी राष्ट्र की भौगोलिक परिस्थितियों का भी उनकी संस्कृति पर प्रभाव पड़ता है।''**

**34. गद्यांश का सही शीर्षक है-**

(a) राष्ट्र के विकास में संस्कृति का योगदान
(b) राष्ट्र के विकास में सभ्यता का योगदान
(c) राष्ट्र के विकास में प्रकृति का योगदान
(d) राष्ट्र के विकास में परिस्थिति का योगदान

**35. राष्ट्र किस के बल पर प्रगति करते हैं?**

(a) साहित्य के बल पर  (b) कला के बल पर
(c) संगीत के बल पर  (d) संस्कृति के बल पर

**36. गद्यांश में किस शब्द का प्रयोग नहीं है?**

(a) संस्कृति (b) प्रकृति

(c) सभ्यता (d) परिस्थिति

**37. प्रत्येक राष्ट्र की संस्कृति वहां की-**

(a) भौगोलिक परिस्थितियों पर भी निर्भर होती है

(b) औद्योगिक परिस्थितियों पर भी निर्भर होती है

(c) कलात्मक परिस्थितियों पर भी निर्भर होती है

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**38. सभ्यता और संस्कृति में-**

(a) केवल घनिष्ठ सम्बन्ध है

(b) केवल अंतर है

(c) कोई सम्बन्ध नहीं है

(d) घनिष्ठ सम्बन्ध होते हुए भी अंतर है

**39. ''बैल न कूदे, कूदे तंगी''- कहावत का अर्थ है-**

(a) वीरता पर विश्वास होना

(b) गड्ढे में कूदना

(c) साहसिक कार्य करना

(d) स्वामी के बल पर सेवक का साहस

**40. 'महाशय' शब्द में कौन-सी स्वर संधि है?**

(a) स्वर संधि (b) दीर्घ स्वर संधि

(c) यण स्वर संधि (d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**41. 'रसोईघर' का समास-विग्रह है :**

(a) रसोई के लिए घर (b) रसोई का घर

(c) घर की रसोई (d) रसोई और घर

**42. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द पुल्लिंग है?**

(a) बात (b) रात

(c) आय (d) व्यय

**43. आर्द्रक का तद्भव क्या है?**

(a) अदरख (b) आर्द्र

(c) अदरक (d) अद्रख

**44. इनमें से किस शब्द में 'ऋ' की मात्रा का उपयोग हुआ है?**

(a) वृष्टि (b) रिपु (c) क्रिया (d) वर्षा

**45. निम्नलिखित शब्दों पर विचार कीजिए :**

**1. अतिशयोक्ति** **2. दुरगति**

**3. मरीची** **4. नीरधि**

**किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं ?**

(a) 2 और 3 (b) 1 और 2

(c) 1, 3 और 4 (d) 2, 3 और 4

**46. निम्नलिखित में से किस विकल्प में वाक्यांश के लिए एक शब्द सही नहीं है?**

(a) गिरने से कुछ ही बचे इमारत - ध्वंसावशेष

(b) पूर्णिमा की रात - कुहू

(c) शिव का धनुष - पिनाक

(d) ऐसी भूमि जो उपजाऊ न हो - ऊसर

**47. युग्म की कौन सी जोड़ी सही है?**

(a) न्याय – अन्याय (b) धरा – पृथ्वी

(c) अचल – अचला (d) मान – अपमान

**48. 'अ' उपसर्ग और 'ता' प्रत्यय के योग से बनने वाला शब्द कौन सा है?**

(a) अनुगुणता (b) अवसरवादिता

(c) अनन्यता (d) असहनशीलता

**49. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य छाँटिए–**

(a) तमाम देश में यह बात फैल गई।

(b) उन्होंने अपने जीवन में बहुत-सा उतार-चढ़ाव देखा था।

(c) कई कचहरी के वकील ऐसा कहते हैं।

(d) मैं गरम गाय का दूध पीता हूँ।

**50. दिए गए वाक्य में 'गंगा नदी गंगोत्री से' में उपयोग हुए कारक के रूप की पहचान कीजिए।**

**गंगा नदी गंगोत्री से निकलती है।**

(a) सम्बन्ध (b) करण

(c) अपादान (d) सम्प्रदान

# SOLUTION : PRACTICE SET- 2

## ANSWER KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 6. (a) | 11. (c) | 16. (c) | 21. (b) | 26. (c) | 31. (d) | 36. (b) | 41. (a) | 46. (b) |
| 2. (c) | 7. (a) | 12. (a) | 17. (b) | 22. (c) | 27. (d) | 32. (d) | 37. (a) | 42. (d) | 47. (c) |
| 3. (c) | 8. (d) | 13. (b) | 18. (a) | 23. (a) | 28. (d) | 33. (d) | 38. (d) | 43. (c) | 48. (d) |
| 4. (d) | 9. (d) | 14. (b) | 19. (a) | 24. (a) | 29. (a) | 34. (a) | 39. (d) | 44. (a) | 49. (a) |
| 5. (d) | 10. (d) | 15. (c) | 20. (b) | 25. (b) | 30. (b) | 35. (d) | 40. (b) | 45. (c) | 50. (c) |

# SOLUTION

**1. (d)**
जिस पंक्ति या जिन पंक्तियों के अंत में एक ही वर्ण और एक ही स्वर की आवृत्ति होती है तो वहाँ पर अंत्यानुप्रास अलंकार होता है। अनुप्रास अलंकार के पाँच भेद होते हैं-
(1) छेकानुप्रास (2) वृत्यानुप्रास (3) लाटानुप्रास (4) अंत्यानुप्रास (5) श्रुत्यानुप्रास अलंकार।

**2. (c)**
'देखि सुदामा की दीन दशा, करुणा करिकै करुणानिधि रोये' में '**करुण रस**' है। इसमें भगवान श्रीकृष्ण अपने मित्र सुदामा की दशा देखकर अपने आँसू बहा रहे हैं, इसका स्थायी भाव शोक होता है। जहाँ नायक और नायिका के विरह (बिछड़ने) का वर्णन हो, वियोग शृंगार कहा जाता है।
जैसे – 'हे खग मृग हे, मधुकर श्रेनी! तुम देखी सीता मृगनयनी।'

**3. (c)**
**संप्रदान तत्पुरुष समासः-** जिस समास का उत्तरपद प्रधान हो और पूर्वपद गौण एवं 'के लिए' चिह्न का लोप हो उसे संप्रदान तत्पुरुष समास कहते हैं।

| | |
|---|---|
| **जैसेः-**परीक्षा-केंद्र | परीक्षा के लिए केन्द्र |
| युद्धाभ्यास | युद्ध के लिए अभ्यास |

**4. (d)**
जलधि, जलधाम, जलनिधि और सागर, समुद्र के पर्यायवाची शब्द हैं, जबकि 'जलाधिप' शब्द वैदिक देवता वरुण का पर्यायवाची शब्द है।

**5. (d)**
अल्प का विलोम शब्द 'अति' होगा। अति का अर्थ अधिक होगा और अल्प का अर्थ- थोड़ा होगा। अन्य विकल्प असंगत हैं।

**6. (a)**
'अगहन' का तत्सम रूप 'अग्रहायण' है। अगहन हिन्दू पंचांग का एक महीना है। जिन शब्दों को संस्कृत से बिना परिवर्तन के हिन्दी में ले लिया गया है, तत्सम शब्द कहलाते हैं।

**7. (a)**
'देव्यागम' का संधि-विच्छेद 'देवी + आगम' होगा। यह **यण संधि** का उदाहरण है। यदि 'इ', 'ई', 'उ', 'ऊ' और 'ऋ' के बाद कोई भिन्न स्वर आए, तो 'इ-ई' का 'य्', 'उ-ऊ' का 'व्' और 'ऋ' का 'र्' हो जाता है, जैसे- अति + आवश्यक = अत्यावश्यक।

**8. (d)**
'गीतांजलि' शब्द का सही संधि विच्छेद 'गीत + अंजलि' है। यहाँ पर दीर्घ स्वर संधि है।

**9. (d)**
'अनघ' का विलोम 'अघी' होगा। अन्य शब्दों के विलोम निम्न हैं–

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| निष्पाप | पाप |
| कृती | अकृती |

**10. (d)**
**पहिया** ईकारान्त संज्ञा (स्त्रीलिंग) नहीं है। 'पहिया' आकारान्त 'पुल्लिंग' शब्द है। जबकि नदी, टोपी, उदासी ईकारान्त संज्ञा (स्त्रीलिंग) शब्द हैं।

**11. (c)**
**'लड़के ने लड़के को मारा'** वाक्य में एकवचन संज्ञा का प्रयोग हुआ है जबकि अन्य विकल्प बहुवचन में हैं।

**12. (a)**
'आ बैल मुझे मार' लोकोक्ति है, इसका अर्थ है– 'जान–बूझ कर मुसीबत मोल लेना'। इसके अलावा अन्य मुहावरों के शुद्ध रूप निम्नलिखित हैं–

टेढ़ी ऊँगली से घी निकालना– बलपूर्वक काम निकालना।

घाट–घाट का पानी पीना – संसार का अनुभव प्राप्त करना।

तिल का ताड़ बनाना – छोटी बात को बढ़ा चढ़ाकर कहना।

**13. (b)**

| | | |
|---|---|---|
| बहुत बोलने वाला | – | वाचाल |
| दो बार जन्म लेने वाला | – | द्विज |
| (एक शारीरिक, दूसरा आध्यात्मिक) | | |
| बहुत जानने वाला | – | बहुज्ञ |
| पहले जन्म लेने वाला | – | अग्रज |

**14. (b)**
'आधिकारिक' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। जबकि अन्य विकल्प वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**15. (c)**
'दूरदर्शन के अनेक धारावाहिक प्रसिद्ध हैं।' बोलचाल की भाषा के अनुसार सही वाक्य है। शेष वाक्य त्रुटिपूर्ण हैं।

**16. (c)**
गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित 'रामचरितमानस' महाकाव्य में सात काण्ड हैं– (1) बालकाण्ड, (2) अयोध्याकाण्ड, (3) अरण्यकाण्ड, (4) किष्किन्धाकाण्ड, (5) सुन्दरकाण्ड, (6) लंकाकाण्ड, (7) उत्तरकाण्ड।

**17. (b)**
अलि शब्द का अर्थ भ्रमर है जबकि 'अली' का अर्थ सखी, सहेली होगा।

**18. (a)**
'आधि' का अर्थ 'मानसिक कष्ट' होता है, जबकि व्याधि का अर्थ 'रोग, बीमारी, पीड़ा' आदि होता है। **उदाहरण** -गाँव के लोग आधि-व्याधि से पीड़ित हैं।

**19. (a)**
विराम चिह्न के प्रकार -
विवरण चिह्न (:-)
अवतरण या उद्धरण चिह्न (" …..")

अर्द्धविराम (;)
अल्पविराम (,)
उपविराम (:)
योजक चिह्न (–)

**20. (b)**

रचना की दृष्टि से क्रिया के सामान्यतः दो भेद हैं–(1) सकर्मक क्रिया और (2) अकर्मक क्रिया।

**सकर्मक क्रिया–**'सकर्मक क्रिया' उसे कहते हैं, जिसका कर्म हो या जिसके साथ कर्म की सम्भावना हो अर्थात् जिस क्रिया के व्यापार का संचालन तो कर्त्ता से हो, पर जिसका फल या प्रभाव किसी दूसरे व्यक्ति या वस्तु, अर्थात् कर्म पर पड़े। उदाहरणार्थ–श्याम आम खाता है। इस वाक्य में 'श्याम' कर्त्ता है, 'खाने' के साथ उसका कर्तृरूप से सम्बन्ध है। प्रश्न होता है, क्या खाता है? उत्तर है, 'आम'। यहाँ श्याम के खाने का फल 'आम' पर अर्थात् कर्म पर पड़ता है। इसलिये खाना क्रिया सकर्मक है।

**अकर्मक क्रिया–** जिन क्रियाओं का व्यापार और फल कर्त्ता पर हो, वे अकर्मक कहलाती हैं। अकर्मक क्रियाओं का 'कर्म' नहीं होता। क्रिया का व्यापार और फल दूसरे पर न पड़कर कर्त्ता पर पड़ता है। उदाहरण के लिये - श्याम सोता है। इसमें सोना क्रिया अकर्मक है।

**21.** (b)

दिए गए वाक्य में 'वहाँ' शब्द अव्यय है। 'अव्यय' ऐसे शब्द को कहते हैं, जिसके रूप में लिंग, वचन, पुरुष, कारक इत्यादि के कारण कोई विकार उत्पन्न नहीं होता।

**22. (c)**

अधोमुखी में उपसर्ग 'अधः' होगा।

अधः का अर्थ - नीचे

अधोमुखी का वाक्य प्रयोग - उसका चेहरा अधोमुखी था।

**उपसर्ग–**शब्द 'उप' तथा 'सर्ग' शब्द से मिलकर बना है, जिसका अर्थ होता है समीप आकर नया शब्द बनाना अर्थात् जो शब्दांश शब्दों के आदि (शुरुआत) में जुड़कर उनके अर्थ में कुछ विशेषता लाते हैं, उपसर्ग कहलाते हैं।

**23. (a)**

हिन्दी में शब्दों का लिंग निर्धारण 'संज्ञा' के आधार पर होता है जबकि विशेषण, क्रिया तथा सर्वनाम तीनों उत्तर की दृष्टि से असंगत हैं।

**24. (a)**

बोलने वाले वक्ता को 'उत्तम पुरुष' कहा जाता है। **जैसे-** मैं, हम परन्तु सर्वनाम में कारकों की विभक्तियाँ लगाने से इसके रूप में विकृति आ जाती है। **जैसे-** मैं, मुझे, मेरा, मुझसे, मुझको आदि। अतः 'मुझे' उत्तम पुरुष सर्वनाम है।

**25. (b)**

कुसुम का विशेषण कुसुमित होता है। संज्ञा अथवा सर्वनाम शब्दों की विशेषता (गुण, दोष, संख्या, परिमाण आदि) बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं। जैसे-काला, बड़ा, लम्बा, एक, दो आदि।

**26. (c)**

यदि 'उजड़ना' अकर्मक क्रिया है, तो इसकी सकर्मक क्रिया उजाड़ना होगी। जैसे–

(1) घोसला उजड़ गया। (अकर्मक क्रिया)

(2) दिनेश ने पक्षियों के घोसलों को उजाड़ दिया। (सकर्मक क्रिया)

**27. (d)**

अनुच्छेद 343– संघ की राजभाषा के अंतर्गत अनुच्छेद 343 (1) में यह वर्णित है कि संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी।

**अनुच्छेद 344–** राजभाषा के संबंध में आयोग और संसद की समिति।

**28. (d)**

संस्कृत वर्णमाला में 49 अक्षर होते हैं। जिसमें 14 स्वर और 33 व्यंजन एवं 2 स्वराश्रित होते हैं।

**29. (a)**

'अतिथि आये और कार्यक्रम शुरू हुआ' एक संयुक्त वाक्य है। इसका सरल वाक्य 'अतिथि के आते ही कार्यक्रम शुरू हुआ', होगा।

रचना के आधार पर वाक्य तीन प्रकार के होते हैं।

**(1) सरल वाक्य–**जिन वाक्यों में केवल एक ही उद्देश्य और एक ही विधेय होता है, उन्हें सरल वाक्य या साधारण वाक्य कहते हैं। **जैसे–** (1) राम पढ़ता है। (2) मीरा विद्यालय जा रही है।

**(2) संयुक्त वाक्य–**जब दो या दो से अधिक सरल वाक्य योजकों (और, तथा, एवं, या, अतः, ....) से जुड़े हों, तो उन्हें संयुक्त वाक्य कहते हैं। **जैसे–** मोहन खाना खाया और सो गया।

**(3) मिश्र वाक्य–**जिन वाक्यों में एक प्रधान उपवाक्य हो और अन्य आश्रित उपवाक्य हो, जो आपस में 'कि', क्योंकि, जो, जितना, उतना, जैसा, वैसा, जब, तब, जहाँ, वहाँ, आदि से मिश्रित हों, उन्हें मिश्रित वाक्य कहते हैं। **जैसे–** वह लड़का जो खाना खा रहा है, वह मेरा भाई है।

**30. (b)**

जब किसी वाक्य की क्रिया का लिंग, वचन और पुरुष, कर्ता के लिंग, वचन और पुरुष के अनुसार हो तब वाक्य कर्तृवाच्य में होगा। वाच्य के तीन भेद (कर्तृवाच्य, कर्मवाच्य एवं भाववाच्य) होते हैं। क्रिया के उस परिवर्तन को वाच्य कहते हैं जिसके द्वारा वाक्य के कर्ता, कर्म एवं भाव की प्रधानता का बोध होता है।

**31. (d)**

क्षर का विलोम 'अक्षर', समास का 'व्यास' और स्वल्पायु का 'चिरायु' होता है। आहार का विलोम 'विहार' न होकर 'निराहार' होता है।

**32. (d)**

'अपर्णा' शब्द का पर्यायवाची 'पार्वती' होगा। अपर्णा के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- गौरी, गिरिजा, पार्वती, भवानी, रुद्राणी।

दिये गये अन्य विकल्पों के पर्यायवाची शब्द निम्न हैं –

**शब्द** **पर्यायवाची शब्द**

स्त्री - स्त्री, वनिता, कान्ता, रमणी, नारी, अबला

आराधना - प्रार्थना, पूजा, अर्चना

देवांगना - मेनका, देवबाला, अप्सरा

**33. (d)**

चौपाई छंद का पूर्व रूप **चौपई** है। अपभ्रंश तथा अवहट्ट में चौपाई को **चउपई** कहा जाता है। अपभ्रंश तथा अवहट्ट में चउपई (चौपाई) 15 मात्राओं का छन्द होता था जबकि आधुनिक चौपाई 16 मात्राओं का छन्द है तथा अरिल्ल (अडिल्ल) में सोलह (16) मात्राएँ एवं पद्धरि में भी सोलह (16) मात्राएँ होती हैं।

**34. (a)**

उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है- 'राष्ट्र के विकास में संस्कृति का योगदान'।

**35. (d)**

उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार 'हर राष्ट्र संस्कृति के बल पर ही प्रगति करता है'। अतः स्पष्ट है कि विकल्प (d) सही उत्तर होगा।

**36. (b)**

उपर्युक्त गद्यांश में 'प्रकृति' शब्द का प्रयोग नहीं किया गया है।

**37. (a)**

उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार 'प्रत्येक राष्ट्र की संस्कृति वहाँ की भौगोलिक परिस्थितियों पर निर्भर करती है।'

**38. (d)**

उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार 'सभ्यता और संस्कृति में घनिष्ठ संबंध होते हुए भी अंतर है।' जीवन को श्रेष्ठ और उन्नत बनाने की साधनाओं का नाम 'संस्कृति' है और उन साधनाओं से प्राप्त जीवन प्रणाली का नाम 'सभ्यता' है।

**39. (d)**

'बैल न कूदे, कूदे तंगी' कहावत का अर्थ 'स्वामी के बल पर सेवक का साहस' है। शेष कहावतें अर्थ से असंगत हैं।

**40. (b)**

'महाशय' शब्द में दीर्घ स्वर संधि है। 'महाशय' का संधि-विच्छेद 'महा + आशय' होता है। यदि पूर्व पद के अंत में ह्रस्व/दीर्घ अ, इ, उ के समान स्वर आये तो दीर्घ आ, ई, ऊ आदेश हो जाता है जैसे–

नदी + ईश नदीश

महा + आत्मा महात्मा

**41. (a)**

रसोईघर का समास- विग्रह 'रसोई के लिए घर' होगा। यह सम्प्रदान तत्पुरुष समास का उदाहरण है।

**42. (d)**

'व्यय' शब्द पुल्लिंग का उदाहरण है जबकि बात, रात एवं आय स्त्रीलिंग शब्द हैं।

**43. (c)**

| तत्सम | तद्भव |
|---|---|
| आर्द्रक | अदरक |
| अग्नि | आग |
| रात्रि | रात |
| ज्येष्ठ | जेठ |
| क्षार | खार |
| अक्षि | आँख |

**44. (a)**

'वृष्टि' शब्द में 'ऋ' की मात्रा का उपयोग हुआ है।

'ऋ' की मात्रा वाले अन्य शब्द :- कृतज्ञ, कृष्ण, सृजन आदि हैं।

**45. (c)**

'अतिशयोक्ति, मरीची तथा नीरधि' शुद्ध शब्द हैं, जबकि दुरगति शब्द अशुद्ध है इसका शुद्ध रूप 'दुर्गति' होगा।

**46. (b)**

'पूर्णमासी' को पूर्णिमा की रात कहा जाता है तथा कुहू 'अमावस्या' की रात को कहा जाता है, जिसमें चन्द्रमा भी न दिखाई दे। शेष विकल्प सही है।

**47. (c)**

दिए गए विकल्पों में से 'अचल-अचला' युग्म शब्द की जोड़ी सही है। अचल का अर्थ है– 'स्थिर' तथा अचला का अर्थ है– 'पृथ्वी'। न्याय-अन्याय और मान-अपमान विलोम शब्द हैं तथा धरा 'पृथ्वी' का पर्याय शब्द है।

**48. (d)**

मूल शब्द 'सहनशील' में 'अ' उपसर्ग और 'ता' प्रत्यय के योग से बनने वाला शब्द 'असहनशीलता' है।

'उपसर्ग' मूलशब्द के आगे तथा 'प्रत्यय' मूलशब्द के पीछे जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं।

**49. (a)**

दिए गए विकल्प में शुद्ध वाक्य 'तमाम देश में यह बात फैल गई है।

अन्य वाक्यों का शुद्ध वाक्य निम्न है–

उसने अपने जीवन में बहुत उतार-चढ़ाव देखा था।

कचहरी के कई वकील ऐसा कहते हैं।

मैं गाय का गरम दूध पीता हूँ।

**50. (c)**

दिए गए वाक्य में 'गंगा नदी गंगोत्री से' में अपादान कारक होगा।

**<u>अपादान कारक</u>** – अपादान का अर्थ है 'अलग होना' है। जिस संज्ञा या सर्वनाम से किसी वस्तु के अलग होने का ज्ञान होता है या अलगाव का बोध होता है, उसे 'अपादान कारक' कहा जाता है।

# PRACTICE SET - 3

**1. ‘सारंग लै सारंग चली कई सारंग की ओट**
**सारंग झीनो पाइकें सारंग कई गई चोट।’**
**उक्त पद्य में कौन-सा अलंकार विद्यमान है?**

(a) उत्प्रेक्षा अलंकार (b) श्लेष अलंकार
(c) यमक अलंकार (d) रूपक अलंकार

**2. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प रस के अन्तर्गत नहीं है?**

(a) व्यंग्य (b) हास्य
(c) रौद्र (d) भयानक

**3. ‘हस्तलिखित’ शब्द उदाहरण है।**

(a) कर्मधारय समास का (b) तत्पुरुष समास का
(c) द्विगु समास का (d) बहुव्रीहि समास का

**4. ‘धूसर’ किसका पर्याय है?**

(a) अश्व (b) मेघ
(c) गर्दभ (d) अजा

**5. दिए गए विकल्पों में से अवनि का विरुद्धार्थी शब्द कौन सा है?**

(a) अमन (b) चक्षु
(c) अग्नि (d) अंबर

**6. इनमें से कौन-सा तद्भव शब्द है?**

(a) अंधकार (b) आक
(c) आषाढ़ (d) अश्रु

**7. स्वर संधि कितने प्रकार की होती है?**

(a) दो (b) तीन
(c) चार (d) पाँच

**8. ‘कल्पांत’ शब्द में कौन सी संधि है?**

(a) गुण संधि (b) यण संधि
(c) दीर्घ संधि (d) व्यंजन संधि

**9. ‘साहचर्य’ का विलोम शब्द है –**

(a) वैमनस्य (b) असहयोग
(c) विनियोग (d) अलगाव

**10. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द पुल्लिंग है?**

(a) जोगी (b) नर्मदा
(c) अमावस्या (d) वक्री

**11. ‘चाकू’ शब्द का बहुवचन क्या होगा?**

(a) चाकूएँ (b) चाकुओं
(c) चाकुओ (d) चाकू

**12. ‘यह मुँह और मसूर की दाल’ - लोकोक्ति का अर्थ बताएँ।**

(a) मजबूरी में आदमी सब कुछ करता है।
(b) केवल ऊपरी दिखावा।
(c) पुराना गौरव समाप्त।
(d) अपनी औकात से बढ़कर होना या करना।

**13. ‘जहाँ जाया न जा सके।’ वाक्यांश के लिए एक शब्द है**

(a) अधिगम (b) अगम्य
(c) निर्गम (d) सुगम

**14. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द है –**

(a) जीजीवीषा (b) जीजिविषा
(c) जिजिविषा (d) जिजीविषा

**15. ‘मुझसे बेफिजूल बात मत करो।’ वाक्य का शुद्ध रूप होगा–**

(a) मुझसे फिजूल बात मत करें।
(b) मुझसे बेफिजूल में बात मत करो।
(c) बेफिजूल में मुझसे बात मत करो।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

**16. ‘कलम के जादूगर’ किसे कहा गया है?**

(a) मैथिलीशरण गुप्त (b) सुमित्रानंदन पंत
(c) रामवृक्ष बेनीपुरी (d) मुंशी प्रेमचन्द

**17. अर्थ की दृष्टि से कौन-सा शब्द ‘अज’ से संबद्ध नहीं है?**

(a) दशरथ के पिता का नाम (b) बकरा
(c) कमल (d) ब्रह्मा

**18. कृपण तथा कृपाण शब्दों के क्रमशः अर्थ हैं -**

(a) धनवान तथा कटार (b) कंजूस तथा कटार
(c) कृपालु तथ कटार (d) कटार तथा कंजूस

**19. किसी अक्षर या शब्द पर विशेष बल देने के लिए किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है?**

(a) इकहरा उद्धरण
(b) दुहरा उद्धरण
(c) विवरण चिह्न
(d) विस्मरण

**20. इनमें से क्रिया के किस रूप में कर्त्ता के अनुसार लिंग परिवर्तन नहीं होता ?**

(a) भविष्यकालिक रूप में (b) भूतकालिक रूप में
(c) आज्ञार्थक रूप में (d) वर्तमानकालिक रूप में

**21.** **'मैं आपके विचारों से अंशतः सहमत हूँ।'-इस वाक्य में किस प्रकार के क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है?**

(a) कालवाचक (b) रीतिवाचक

(c) स्थानवाचक (d) परिमाणवाचक

**22.** **'अहिंसा' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?**

(a) हिंसा (b) अहिं

(c) अ (d) सा

**23.** **'टहलना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है' वाक्य में 'टहलना' है–**

(a) संज्ञा (b) क्रिया

(c) क्रिया विशेषण (d) इनमें से कोई नहीं

**24.** **निम्नलिखित में से कौन-सा उत्तम पुरुषवाची शब्द नहीं है?**

(a) तुम

(b) हमको

(c) मुझमें

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**25.** **निम्नलिखित वाक्यों में एक में विशेषण का प्रयोग नहीं हुआ है-**

(a) यह चांदी खोटी है।

(b) लखनऊवा चिकन की विदेशों में माँग है।

(c) जंगली जानवर आक्रामक होते हैं।

(d) भगवान् कृपा करते हैं।

**26.** **निम्नलिखित में से किस वाक्य में अकर्मक क्रिया है?**

(a) पानी बरस रहा है।

(b) मैं गेहूँ पिसवाता हूँ।

(c) श्याम निबंध लिखता है।

(d) राम मोहन को रुला रहा है।

**27.** **कौन–सी बोली बिहारी हिन्दी की नहीं है:**

(a) भोजपुरी (b) मगही

(c) जयपुरी (d) मैथिली

**28.** **अनुरूपता का पालन करते हुए प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर उपयुक्त पद भरें।**

**शरीर : आत्मा :: शब्द : ?**

(a) रचना (b) वर्तनी

(c) अर्थ (d) स्वर

**29.** **'प्रातः सूर्य उदित हुआ और पक्षी चहचहाने लगे।'**

(a) मिश्र वाक्य (b) प्रश्नवाचक वाक्य

(c) संयुक्त वाक्य (d) सरल वाक्य

**30.** **'उससे दो पत्र लिखे जाएंगे।' इस वाक्य को कर्तृवाच्य में लिखिए।**

(a) वह दो पत्र लिखेगा।

(b) वह दो पत्र लिखता है।

(c) उसने दो पत्र लिखे।

(d) उसने दो पत्र लिखा।

**31.** **निम्नलिखित विलोम युग्मों में एक शब्द युग्म शुद्ध नहीं है–**

(a) आयात-निर्यात (b) पाप-पुण्य

(c) बद्ध-मुक्त (d) नूतन-सनातन

**32.** **इनमें से 'अरण्य' शब्द का पर्यायवाची शब्द है**

(a) शस्य (b) कुलीन

(c) कांतार (d) आभारी

**33.** **हम जो कुछ देख रहे हैं, सुन्दर है सत्य नहीं है।**
**यह दृश्य जगत भासित है, बिन कर्म शिवत्व नहीं है।।**
**उपर्युक्त काव्य-पंक्तियों में निम्नलिखित में से कौन-सा छन्द है?**

(a) चौदह-चौदह मात्राओं की यति से 28 मात्राओं वाला मात्रिक छन्द

(b) दस-दस वर्णों की यति से 20 वर्णों वाला वर्णिक छन्द

(c) तेरह-तेरह मात्राओं की यति से 26 मात्राओं वाला मात्रिक छन्द

(d) पन्द्रह-पन्द्रह मात्राओं की यति से 30 मात्राओं वाला मात्रिक छन्द

**निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- ( प्र. सं. 34-38 )**

**एकता के महत्त्व से संबंधित अनेक लोकोक्तियाँ प्रचलित हैं, यथा- दस की लाठी एक का बोझ, अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता इत्यादि। एक तिनके की क्या हस्ती? लेकिन जब वही तिनका संगठित होकर रस्सी बन जाता है, तब इससे बलशाली हाथी भी बँध जाता है। एक ईंट की क्या बिसात? लेकिन जब यहीं ईंटें मिलकर दीवार बनाती हैं, तब उसे तोड़ना मुश्किल हो जाता है। एक बूँद जल का क्या अस्तित्व? लेकिन जब इन्हीं बूँदों के मेल से सागर का निर्माण होता है, तो उसे लाँघना दुष्कर हो जाता है। एक चींटी की क्या औकात? लेकिल जब ये छोटी-सी चींटियाँ एक साथ हो जाती हैं, तब अपने से बड़े आकार के जीवों को चट कर जाती हैं। एकता के महत्त्व से संबंधित एक किसान और उसके बच्चों की और लकड़ी के टुकड़ों की कथा प्रचलित है। लकड़ी के टुकड़े जब अलग-अलग रहते हैं, तब बच्चों द्वारा वे आसानी से तोड़ दिये जाते हैं; परंतु वे ही टुकड़े जब संगठित होकर गट्ठर बन जाते हैं, तब बच्चे तोड़ नहीं पाते हैं। इन दृष्टान्तों से स्पष्ट है कि 'एकता में ही बल है।'**

34. **जब चींटियाँ एक साथ जाती हैं तो ....... ( वाक्य पूरा कीजिये )**
(a) दूर तक चली जाती हैं।
(b) अपने से बड़े आकार के जीवों को चट कर जाती हैं।
(c) एक पंक्ति बना लेती हैं।
(d) काटना शुरू कर देती हैं।

35. **'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता' लोकोक्ति का अर्थ है:**
(a) अकेला व्यक्ति कुछ भी कर सकता है।
(b) अकेला चना कुछ नहीं कर सकता।
(c) अकेला व्यक्ति कुछ नहीं कर सकता है।
(d) अकेला व्यक्ति भाड़ नहीं फोड़ सकता है।

36. **इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।**
(a) बूँद से सागर का बनना
(b) जीवन की सच्चाई
(c) संगठन में शक्ति है
(d) अनेकता में एकता

37. **तिनके की क्या विशेषता है?**
(a) तिनका घास का काम करता है।
(b) तिनके से चिड़िया घोंसला बनाती है।
(c) तिनका व्यर्थ का कचरा है।
(d) जब तिनका संगठित होकर रस्सी बन जाता है, तब इससे बलशाली हाथी भी बँध जाता है।

38. **बूँदों के मेल का क्या महत्त्व है?**
(a) बूँदों के मेल से सागर का निर्माण होता है।
(b) बूँदों के मेल से घड़ा भर जाता है।
(c) पानी बन सकती हैं।
(d) बूँदों के मेल से कुछ नहीं होता है।

39. **'पढ़े फारसी बेचे तेल, यह देखो कुदरत का खेल' लोकोक्ति का अर्थ है–**
(a) शिक्षित होकर बेकार रहना
(b) योग्यता होते हुए भी विवशता के कारण निम्न स्तर का कार्य करना
(c) विद्या का अपमान करना
(d) फारसी पढ़े लोगों को प्रायः तेल बेचना पड़ता है

40. **'स्थानापन्न' का सही संधि-विच्छेद कौन-सा है?**
(a) स्थान + पन्न (b) स्थाना + पन्न
(c) स्थान + आपन्न (d) स्थापन + न

41. **'मतदाता' शब्द में कौन-सा समास है?**
(a) बहुव्रीहि समास (b) द्विगु समास
(c) द्वंद्व समास (d) तत्पुरुष समास

42. **निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द पुल्लिंग है?**
(a) प्लेट (b) तलवार
(c) पायल (d) कैमरा

43. **'अंगीठी' का तत्सम है**
(a) अग्निका (b) अंनिष्ठिका
(c) अग्निष्ठिका (d) अग्निष्ठिकी

44. **निम्नलिखित में से कौन सा संयुक्त स्वर नहीं है?**
(a) ए (b) ऐ
(c) ऊ (d) ओ

45. **निम्नलिखित शब्दों में किस समूह के सभी शब्द शुद्ध हैं?**
**1. प्रसुन, गदर्भ, शुषुप्ति**
**2. पंकज, परम्परा, गंगा**
**3. चंचल, कन्या, घन्टा**
**4. लख्य, कृप्या, अभीनेत्री**
(a) 1, 4 (b) 3
(c) 2 (d) 2, 3

46. **'जिसकी ग्रीवा सुन्दर हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द है–**
(a) पार्थिव (b) सुग्रीव (c) सुधीर (d) सुनील

47. **'इति-ईति' का सही अर्थ भेद है:**
(a) पूर्णता - इच्छा
(b) समाप्ति - विघ्न
(c) प्रारंभ - विश्वास
(d) पीड़ा - समापन

48. **निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो उपसर्ग से बने शब्द का सही विकल्प नहीं हो।**
(a) अवतार (b) प्रकृति
(c) संभव (d) पवित्र

49. **निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य बताइए–**
(a) पधारकर अनुगृहीत करें।
(b) मैं आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ
(c) पूजनीय पिताजी को सादर चरण-स्पर्श।
(d) व्यक्ति यौवन में भूलें करता है।

50. **यह ताले की चाबी है। रेखांकित में कौन-सा कारक है?**
(a) सम्प्रदान कारक
(b) अपादान कारक
(c) करण कारक
(d) कर्त्ता कारक

# SOLUTION : PRACTICE SET- 3

## ANSWER KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (c) | 6. (b) | 11. (d) | 16. (c) | 21. (d) | 26. (a) | 31. (d) | 36. (c) | 41. (d) | 46. (b) |
| 2. (a) | 7. (d) | 12. (d) | 17. (c) | 22. (c) | 27. (c) | 32. (c) | 37. (d) | 42. (d) | 47. (b) |
| 3. (b) | 8. (c) | 13. (b) | 18. (b) | 23. (a) | 28. (c) | 33. (a) | 38. (a) | 43. (c) | 48. (d) |
| 4. (c) | 9. (d) | 14. (d) | 19. (a) | 24. (a) | 29. (c) | 34. (b) | 39. (b) | 44. (c) | 49. (a) |
| 5. (d) | 10. (a) | 15. (a) | 20. (b) | 25. (d) | 30. (a) | 35. (c) | 40. (c) | 45. (c) | 50. (a) |

## SOLUTION

**1. (c)**

जहाँ पर एक शब्द की आवृत्ति एक से अधिक बार हो लेकिन उनके अर्थ अलग-अलग हों तो वहाँ पर 'यमक' अलंकार होता है। यहाँ 'सारंग' का प्रयोग एक से अधिक बार प्रयोग किया गया है तथा इसका अर्थ अलग-अलग है। अतः यहाँ 'यमक अलंकार' होगा।

**2. (a)**

'व्यंग्य' रस के अन्तर्गत नहीं आता है। हास्य, रौद्र, भयानक रस के अन्तर्गत आते हैं। रसों की संख्या 'नौ' है, जो इस प्रकार हैं- (1) शृंगार रस (2) हास्य रस (3) करुण रस (4) रौद्र रस (5) वीर रस (6) भयानक रस (7) वीभत्स रस (8) अद्‌भुत रस (9) शांत रस।

**3. (b)**

'हस्तलिखित' शब्द तत्पुरुष समास का उदाहरण है। इसका समास विग्रह - 'हस्त से लिखित' होगा।

**4. (c)**

'धूसर' शब्द 'गर्दभ' का पर्यायवाची है। 'गर्दभ' शब्द के अन्य पर्यायवाची– रासभ, वैशाखनन्दन, वेशर, चक्रीवान, खर इत्यादि हैं। इसी प्रकार अश्व शब्द के पर्यायवाची– हय, बाजि, तुरंग, घोटक, घोड़ा, रविसुत, सैंधव हैं। मेघ शब्द के पर्यायवाची– धाराधर, घन, जलचर, वारिद, जीमूत, बादल, नीरद हैं।

**5. (d)**

'अवनि' का विलोम शब्द **अंबर** होता है। अवनि 'पृथ्वी' का पर्यायवाची शब्द है।

**6. (b)**

दिये गये विकल्पों में 'आक' शब्द तद्‌भव है जिसका तत्सम शब्द 'अर्क' है।

| **तद्‌भव** | | **तत्सम** |
|---|---|---|
| आक | – | अर्क |
| अंधेरा | – | अंधकार |
| असाढ़ | – | आषाढ़ |
| आँसू | – | अश्रु |

**7. (d)**

**स्वर संधि**–स्वर के बाद स्वर अर्थात् दो स्वरों के मेल से जो विकार (परिवर्तन) होता है, स्वर संधि कहलाता है: **जैसे–**

सूर्य + अस्त = सूर्यास्त

महा + आत्मा = महात्मा

स्वर संधि के निम्नलिखित **पाँच** भेद हैं-

1. दीर्घ संधि 2. गुण संधि 3. वृद्धि संधि
4. यण संधि 5. अयादि संधि

**8. (c)**

'कल्पांत' शब्द में दीर्घ संधि है। जब ह्रस्व या दीर्घ 'अ' 'इ' 'उ' 'ऋ' के पश्चात क्रमशः ह्रस्व या दीर्घ 'अ' 'इ' 'उ' 'ऋ' स्वर आए तो दोनों को मिलाकर दीर्घ 'आ' 'ई' 'ऊ' 'ॠ' हो जाते हैं। जैसे-

देव + आलय = देवालय कवि + इन्द्र = कवीन्द्र

लघु + ऊर्मि = लघूर्मि कल्प + अंत = कल्पांत

**9. (d)**

साहचर्य का विलोम 'अलगाव' होता है। असहयोग का विलोम सहयोग होता है। वैमनस्य का विलोम सौमनस्य होता है।

**10. (a)**

दिए गए विकल्पों में जोगी शब्द पुल्लिंग है। शेष विकल्पों में लिखित शब्द 'स्त्रीलिंग' है। स्त्रीलिंग शब्द – अमावस्या, नर्मदा, वक्त्री।

**11. (d)**

चाकू एक उकारान्त पुल्लिंग शब्द है। अतः चाकू का बहुवचन 'चाकू' ही होगा, क्योंकि पुल्लिंग आकारान्त के अतिरिक्त शेष मात्राओं से समाप्त होने वाले विभक्ति रहित शब्दों के रूप दोनों वचनों में एक समान रहते हैं।

**12. (d)**

'यह मुँह और मसूर की दाल' लोकोक्ति का अर्थ 'अपनी औकात से बढ़कर होना या करना' होता है।

**13. (b)**

'जहाँ जाया न जा सके।' वाक्यांश के लिए एक शब्द है– 'अगम्य'। शेष विकल्प असंगत हैं।

**14. (d)**

प्रश्न में दिए गए शब्दों में से 'जिजीविषा' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है शेष तीनों शब्द जीजीविषा, जीजिविषा जिजिविषा वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**15. (a)**
दिए गए विकल्पों में 'मुझसे फिजूल बात मत करें।' शुद्ध वाक्य है। शेष सभी वाक्य अशुद्ध हैं।

**16.** (c)
'रामवृक्ष बेनीपुरी' को 'कलम का जादूगर' कहा गया है। जबकि सुमित्रानन्दन पंत को प्रकृति का सुकुमार कवि और मुंशी प्रेमचन्द को 'कथा सम्राट' तथा मैथिलीशरण गुप्त को 'राष्ट्रकवि' कहा जाता है।

**17. (c)**
'अज' के तीन अर्थ दशरथ के पिता का नाम, बकरा, शिव, ब्रह्मा हैं जबकि कमल 'अज' का अर्थ नहीं है।

**18. (b)**
कृपण तथा कृपाण श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द हैं।

जहाँ 'कृपण' का अर्थ 'कंजूस' तथा 'कृपाण' का अर्थ 'कटार' होता है।

**19. (a)**
किसी अक्षर या शब्द पर विशेष बल देने के लिए एकल उद्धरण चिह्न का प्रयोग किया जाता है। जहाँ किसी पुस्तक से कोई वाक्य या अवतरण ज्यों का त्यों उद्धत किया जाए, वहाँ दोहरे उद्धरण चिह्न का प्रयोग होता है और जहाँ कोई विशेष शब्द पद, वाक्य खंड इत्यादि उद्धत किए जाए, वहां इकहरे उद्धरण चिह्न लगते हैं।

**20. (b)**
क्रिया के 'भूतकालिक रूप में' कर्त्ता के अनुसार लिंग का परिवर्तन नहीं बल्कि कर्म के अनुसार लिंग का परिवर्तन होता है। **जैसे**– राम ने रोटी खायी थी।, सीता ने खाना खा लिया था।

**21.** (d)
'मैं' आपके विचारों से अंशतः सहमत हूँ वाक्य में 'परिमाणवाचक क्रिया विशेषण' है। परिमाणवाचक वाक्य में परिमाण अंशतः (शब्द) से बोध होता है।

**22. (c)**
'अहिंसा' शब्द में 'अ' उपसर्ग है।

अ + हिंसा = अहिंसा।

वे शब्दांश जो किसी शब्द के आरम्भ में जुड़कर उसके अर्थ में विशेषता ला देते हैं, 'उपसर्ग' कहलाते हैं। **जैसे**- 'अ' अमूल्य, अथाह, अज्ञान आदि।

**23. (a) :**
वाक्य में 'टहलना' **संज्ञा** के रूप में प्रयुक्त हुआ है। **क्रियार्थक संज्ञा-** कोई क्रिया अपने साधारण रूप में क्रिया नहीं है। विधि और काल को छोड़कर उसका प्रयोग प्रायः संज्ञा के समान होता है। अतः ऐसे शब्दों को क्रियार्थक संज्ञा कहा जाता है। ऐसी क्रियार्थक संज्ञा भाववाचक संज्ञा के अंतर्गत आती है, **जैसे-** टहलना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। यहाँ **टहलना** भाववाचक संज्ञा है।

**24. (a)**
'तुम' शब्द उत्तम पुरुषवाची शब्द नहीं है। यह मध्यम पुरुषवाची शब्द है जबकि 'मुझमें' तथा 'हमको' उत्तम पुरुष वाचक शब्द हैं।

पुरुष वाचक सर्वनाम का प्रयोग स्त्री या पुरुष के नाम के स्थान पर करते हैं। पुरुष तीन प्रकार के होते हैं-

उत्तम पुरुष – मैं, हम, मुझे, मुझको, हमको .........

मध्यम पुरुष – तुम, तुम्हें, तुमको, आप, आपको .......

अन्य पुरुष – यह, ये, वह, वे, उसे, उन्हें, उनको ........

**25. (d)**
**'भगवान कृपा करते हैं।'** इस वाक्य में विशेषण का प्रयोग नहीं हुआ है। 'यह चाँदी खोटी है' में 'खोटी', 'लखनऊवा चिकन की विदेशों में माँग है' में 'लखनऊवा' और 'जंगली जानवर आक्रामक होते हैं ' में 'जंगली' एवं 'आक्रामक' शब्द विशेषण हैं।

**26. (a)**
जिस क्रिया के व्यापार का फल कर्त्ता पर पड़ता है तथा कर्म साथ में नहीं होता उसे अकर्मक क्रिया कहते हैं। अतः 'पानी बरस रहा है' में अकर्मक क्रिया है।

**27.** (c)
**जयपुरी** बोली बिहारी हिन्दी की बोली नहीं है। यह राजस्थानी उपभाषा की बोली है। इसका विकास शौरसेनी अपभ्रंश से हुआ है, जबकि भोजपुरी, मगही, मैथिली 'बिहारी उपभाषा' की बोलियाँ हैं। बिहारी हिन्दी का विकास मागधी अपभ्रंश से हुआ है।

**28. (c)**
अनुरूपता के अनुसार प्रश्न चिह्न के स्थान पर **'अर्थ'** शब्द रखा जायेगा, अतः–

शरीर : आत्मा : : शब्द : अर्थ

क्योंकि शरीर का जो सम्बन्ध आत्मा से है, वही शब्द का सम्बन्ध अर्थ से है।

**29. (c)**
'प्रातः सूर्य उदित हुआ और पक्षी चहचहाने लगे' संयुक्त वाक्य का उदाहरण है। जिस वाक्य में साधारण अथवा मिश्र वाक्यों का मेल संयोजक अव्ययों द्वारा होता है, उसे संयुक्त वाक्य कहते हैं। संयुक्त वाक्यों में प्रत्येक वाक्य अपनी स्वतंत्र सत्ता बनाये रखता है, वह एक दूसरे पर आश्रित नहीं होता। केवल संयोजक अव्यय उन स्वतंत्र वाक्यों को मिलाते हैं।

**30. (a) :**
'उससे दो पत्र लिखे जाएंगे। यह वाक्य 'कर्मवाच्य' का वाक्य है। इस वाक्य का कर्तृवाच्य इस प्रकार होगा– 'वह दो पत्र लिखेगा।'

**31. (d)**
आयात का विलोम शब्द 'निर्यात', पाप का विलोम शब्द 'पुण्य', बद्ध का विलोम शब्द 'मुक्त' होगा, जबकि नूतन और सनातन विलोम नहीं हैं। जबकि नूतन का विलोम 'पुरातन' होगा।

**32. (c)**
दिये गये विकल्पों में से 'कांतार' शब्द अरण्य' का पर्यायवाची शब्द है। अरण्य के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- वन, कानन, विपिन, बीहड़, विटप, अख्य इत्यादि।

**33. (a)**
प्रस्तुत छन्द में 14-14 मात्राओं की यति से मात्रिक छन्द है अर्थात कुल 28 मात्राओं वाला मात्रिक छन्द के अन्त में दीर्घ होता है। यहाँ हरि गीतिका छंद है।

।। ऽ ।। ऽ। । ऽऽ ।ऽ । ऽ ।ऽ ।ऽ ऽ

हम जो कुछ देख रहे हैं, सुन्दर है सत्य नहीं है।

।। ।ऽ ।।। ऽ। । ऽ ।। ।ऽ ।।ऽ ।ऽ ऽ

यह दृश्य जगत भासित है, बिन कर्म शिवत्व नहीं है।

इस प्रकार यह सम मात्रिक छन्द है।

**34. (b)**
दिये गये गद्यांश के आधार पर रिक्त स्थान में 'अपने से बड़े आकार के जीवों को चट कर जाती हैं।', भरा जायेगा।

**35. (c)**
गद्यांश के अनुसार, 'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता' लोकोक्ति का अर्थ, 'अकेला व्यक्ति कुछ नहीं कर सकता है।' होगा।

**36. (c)**
दिये गये गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक 'संगठन में शक्ति' होगा। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।

**37. (d)**
दिये गये गद्यांश में लेखक ने तिनके की विशेषता बताते हुए कहा है कि 'अकेले तिनके की कोई हस्ती नहीं होती है, लेकिन जब कई तिनके संगठित होकर रस्सी का रूप धारण करते हैं, तब इससे बलशाली हाथी भी बांधा जा सकता है।'

**38. (a)**
गद्यांश में लेखक बूंद की विशेषता बताते हुए कहता है कि, 'एक बूंद जल का कोई महत्व नहीं होता है, लेकिन जब यही बूंद परस्पर संगठित हो जाती हैं तो सागर का रूप धारण कर लेती हैं।

**39. (b)**
'पढ़े फारसी बेचे तेल, यह देखो कुदरत का खेल'-लोकोक्ति का अर्थ है- योग्यता होते हुए भी विवशता के कारण निम्न स्तर का कार्य करना।

**40. (c)**
'स्थानापन्न' का सही संधि-विच्छेद है– 'स्थान + आपन्न'। शब्द के सन्धि-विच्छेद में 'अ + आ = आ' नियम लागू हो रहा है अतः इसमें दीर्घ सन्धि है।

**41. (d)**
मतदाता शब्द में तत्पुरुष समास है। तत्पुरुष वह समास होता है, जिसमें उत्तर पद प्रधान होता है अर्थात् प्रथम पद गौण होता है एवं उत्तर पद की प्रधानता होती है। समास करते वक्त बीच की विभक्ति का लोप हो जाता है।

**जैसे** - पाकेटमार, गृहागत, स्वर्गप्राप्त, गगनचुम्बी, आदि।

**42. (d)**
दिए गए विकल्पों में 'कैमरा' पुल्लिंग शब्द है। जबकि 'प्लेट', 'तलवार' एवं 'पायल' स्त्रीलिंग शब्द हैं।

**43. (c)**
'अंगीठी' का तत्सम रूप अग्निष्ठिका है; न कि अग्निका, अग्निष्ठिकी एवं अंनिष्ठिका।

**44. (c) :**
'ऊ' संयुक्त स्वर नहीं है बल्कि यह दीर्घ स्वर है। हिन्दी वर्णमाला में कुल 11 स्वर हैं, जो इस प्रकार हैं-

ह्रस्व स्वर- अ, इ, उ, ऋ

दीर्घ स्वर- आ, ई, ऊ

संयुक्त स्वर- ए, ऐ, ओ, औ

**45. (c) :**
दिये गये विकल्पों में पंकज, परम्परा, गंगा वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द-समूह हैं। शेष विकल्प त्रुटिपूर्ण हैं।

**46. (b)**
'जिसकी ग्रीवा सुन्दर हो' के लिए एक शब्द 'सुग्रीव' है। 'पृथ्वी से संबंध रखने वाला' के लिए एक शब्द 'पार्थिव' होगा। सुधीर का अर्थ 'धैर्यवान', दृढ़ होता है।

**47. (b)**
'इति-ईति' शब्द युग्म का सही अर्थ भेद है–' समाप्ति - विघ्न'। अन्य विकल्प असंगत हैं।

**48. (d)**
'पवित्र' शब्द में उपसर्ग नहीं है। जबकि अवतार में 'अव' उपसर्ग है। प्रकृति में 'प्र' उपसर्ग है। संभव में 'सम्' उपसर्ग है।

**उपसर्ग -** वह शब्दांश जो शब्द के पहले लगकर शब्द का अर्थ बदल दें।

**49. (a)**
दिये गये विकल्प में शुद्ध वाक्य 'पधारकर अनुगृहीत करें' है।

अन्य विकल्पों का शुद्ध वाक्य निम्न हैं–

B. मैं आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

C. पूजनीय पिताजी को चरण-स्पर्श।

पिताजी को सादर चरण-स्पर्श।

D. व्यक्ति यौवन में भूल करता है।

**50. (a)**
दिये गये विकल्पों के अनुसार सबसे सही उत्तर सम्प्रदान कारक है। वस्तुतः यहाँ संबंध कारक है परन्तु विकल्प न होने के कारण सम्प्रदान कारक मान लिया गया है। उ.प्र. पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा इस प्रश्न का उत्तर सम्प्रदान कारक को माना गया है।

# PRACTICE SET - 4

**1. 'चीरजीवौ जोरी जुरै, क्यों न सनेह गंभीर।**
**को घटि ये वृषभानुजा, वे हलधर के बीर॥' में कौन-सा अलंकार है ?**

(a) रूपक (b) उत्प्रेक्षा
(c) यमक (d) श्लेष

**2. ''विस्मय'' स्थायी भाव किस रस में होता है?**

(a) हास्य (b) शांत
(c) अद्‌भुत (d) वीभत्स

**3. सुपुरुष में कौन-सा समास है?**

(a) तत्पुरुष (b) अव्ययीभाव
(c) कर्मधारय (d) द्वन्द्व

**4. 'क्षपाकर' किसका समानार्थी शब्द है?**

(a) निशाकर (b) रजनीचर
(c) दिवाकर (d) प्रभाकर

**5. 'उन्मीलन' शब्द का विलोम निम्न में से क्या है?**

(a) निमीलन (b) अवमीलन
(c) अनुमीलन (d) निर्मीलन

**6. निम्नलिखित में से तत्सम शब्द कौन सा है?**

(a) कृपा (b) झरना
(c) मकड़ी (d) कटहल

**7. 'कुशासन' का संधि-विच्छेद' होगा।**

(a) कु + शासन (b) कुशा + असन
(c) कुश + आसन (d) कुशा आसन

**8. निम्नलिखित में से कौन सा स्वर सन्धि का भेद नहीं है?**

(a) हल सन्धि (b) वृद्धि सन्धि
(c) दीर्घ संधि (d) गुण संधि

**9. अमर्ष क्या है?**

(a) एक काव्य दोष
(b) एक संचारी भाव
(c) एक काव्य गुण
(d) एक अलंकार

**10. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी शब्द पुल्लिंग हैं?**

(a) हीरा, मोती, मणि
(b) कौआ, खरगोश, मंडल
(c) हार, पायल, पुखराज
(d) नथ, मूंगा, पन्ना

**11. 'पानी का सामान्य बहुवचन बताएँ'–**

(a) पानी (b) समादर
(c) पानियाँ (d) पानीयाँ

**12. 'आग लगाकर पानी को दौड़ना' कहावत का अर्थ है-**

(a) अत्यन्त लज्जित होना।
(b) अड़चन डालना।
(c) पहले झगड़ा लगाना, फिर शान्त करने की कोशिश करना।
(d) व्यर्थ का काम करना।

**13. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो वाक्यांशों के लिए एक शब्द का विकल्प हो।**

**आग से झुलसा हुआ**

(a) आत्मघाती
(b) अनलदग्ध
(c) अनन्य
(d) यज्ञ

**14. इनमें से एक शब्द की वर्तनी अशुद्ध है, वह है -**

(a) द्वारिका (b) अहल्या
(c) आर्द्र (d) प्रव्रज्या

**15. 'कृपया करके कार्यक्रम में पधारें।' वाक्य का शुद्ध रूप होगा?**

(a) कृपया कार्यक्रम में पधारें।
(b) कृपा कर कार्यक्रम में पधारे।
(c) कार्यक्रम में पधारे।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

**16. भारत-भारती रचना है –**

(a) धर्मवीर भारती की
(b) नरेन्द्र मेहता की
(c) मैथिलीशरण गुप्त की
(d) गोपालशरण सिंह नेपाली

**17. 'प्रतिपदा' के सही अर्थ का चयन कीजिए।**

(a) पूर्णिमा
(b) एकादशी
(c) विरोधिनी
(d) पक्ष या पखवारे की पहली तिथि

**18. किस विकल्प में शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही नहीं है?**

| शब्द-युग्म | अर्थ-भेद |
|---|---|
| (a) प्रवाल-प्रवार | मूँगा-वस्त्र |
| (b) दामन-दमन | आँचल-दबाना |
| (c) नेति-नेती | अनंत -बंधन |
| (d) अनल-अनिल | आग-हवा |

**19. निम्नलिखित में सही विराम चिह्न से युक्त वाक्य का चुनाव कीजिए-**

(a) सुनो, सुनो, वह गा रही है।

(b) राम! लक्ष्मण! और शत्रुघ्न पधारे है

(c) रामनरेश गोबर-गणेश है

(d) क्या आप हरिद्वार से आ रहे हैं

**20. 'मोहन बाजार पहुँच गया।' इस वाक्य में क्रिया का कौन-सा प्रकार है?**

(a) अनेकार्थक क्रिया

(b) पूर्वकालिक क्रिया

(c) अकर्मक क्रिया

(d) सकर्मक क्रिया

**21. 'मंत्री जी ने पर्याप्त समय दिया है।'- इस वाक्य में किस प्रकार के क्रियाविशेषण का प्रयोग है?**

(a) स्थानवाचक (b) परिमाणवाचक

(c) कालवाचक (d) रीतिवाचक

**22. सनसनाहट' शब्द में कौन-सा प्रत्यय प्रयुक्त है?**

(a) सन (b) सनसन

(c) हट (d) आहट

**23. इनमें विकारी शब्द का उदाहरण कौन-सा है?**

(a) यथा (b) आज

(c) लड़का (d) परन्तु

**24. 'वह दूसरों को नहीं बल्कि अपने-आप को सुधार रहा है।' इस वाक्य में अधोरेखित शब्दों का सर्वनाम का प्रकार लिखिए।**

(a) संबंधवाचक सर्वनाम (b) पुरुषवाचक सर्वनाम

(c) निश्चयवाचक सर्वनाम (d) निजवाचक सर्वनाम

**25. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विशेषण नहीं है?**

(a) उत्कृष्ट (b) निकृष्ट

(c) धृष्ट (d) विषाद

**26. निम्नलिखित में से अकर्मक क्रिया का उदाहरण हैः-**

(a) विद्यार्थी पुस्तक पढ़ रहा है।

(b) हवा चल रही है।

(c) वे गीत गा रहे हैं।

(d) खिलाड़ी हाकी खेल रहे हैं।

**27. निम्नलिखित युग्मों में से कौन–सा युग्म गलत है?**

(a) अवधी – पूर्वी हिन्दी

(b) ब्रजभाषा – पश्चिमी हिन्दी

(c) भोजपुरी – पूर्वी हिन्दी

(d) खड़ीबोली – पश्चिमी हिन्दी

**28. साहित्य के क्षेत्र में प्रथम नोबेल पुरस्कार किसे मिला?**

(a) रवीन्द्रनाथ टैगोर (b) अमर्त्य सेन

(c) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (d) मैथिलीशरण गुप्त

**29. 'उसने कहा कि मैं कल आऊँगी।' कौन सा वाक्य है?**

(a) सरल वाक्य

(b) संयुक्त वाक्य

(c) मिश्र वाक्य

(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

**30. निम्नलिखित में से कौन-सा कर्तृवाच्य नहीं दर्शाता है**

(a) विनय से चला नहीं जाता (b) रौशनी फल नहीं बेचती

(c) मैं अब काम नहीं करता (d) राम कपड़े सिलता है

**31. 'स्तुत्य' का विलोम है :**

(a) व्हास (b) हास

(c) हेय (d) हानि

**32. किस विकल्प में सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची नहीं हैं?**

(a) रसना, जिह्वा, जबान (b) चाप, धनु, चपला

(c) निर्वाण, कैवल्य, मुक्ति (d) कुबेर, राजराज, यक्षराज

**33. रहिमन चुप ह्वै बैठिये देखि दिनन के फेर।**
**जब नीके दिन आइहैं, बनत न लगिहैं बेर॥**
**उपर्युक्त पंक्तियों में कौन-सा छंद है?**

(a) दोहा (b) सोरठा

(c) रोला (d) चौपाई

**निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिएः ( प्र. सं. 34-38 )**

**जिस विद्यार्थी ने समय की कीमत जान ली वह सफलता को अवश्य प्राप्त करता है प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी दिनचर्या की समय-सारणी अथवा तालिका बनाकर उसका पूरी दृढ़ता से पालन करना चाहिए। जिस विद्यार्थी ने समय का सही उपयोग करना सीख लिया, उसके लिए कोई भी काम करना असंभव नहीं है। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो कोई काम पूरा न होने पर समय की दुहाई देते हैं। वास्तव में सच्चाई इसके विपरीत होती है। अपनी अकर्मण्यता और आलस्य को**

**वे समय की कमीं के बहाने छिपाते हैं। कुछ लोगों को अकर्मण्य रह कर निठल्ले समय बिताना अच्छा लगता है। ऐसे लोग केवल बातूनी होते हैं। दुनिया के सफलतम व्यक्तियों ने सदैव कार्यव्यस्तता में जीवन बिताया है। उनकी सफलता का रहस्य समय का सदुपयोग रहा है। दुनिया में अथवा प्रकृति में हर वस्तु का समय निश्चित हैं। समय बीत जाने के बाद कार्य फलप्रद नहीं होता ।**

**34. कुछ लोग समय की कमी के बहाने क्या छुपाते हैं?**

(a) अपनी अकर्मण्यता और आलस्य
(b) अपना बातूनीपन
(c) अपनी विभिन्न कमियाँ
(d) अपना निठल्लापन

**35. विद्यार्थी को सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक है–**

(a) समय की दुहाई देना
(b) दृढ़ विश्वास बनाए रखना
(c) समय पर काम करना
(d) समय की कीमत समझना

**36. कार्य किस स्थिति में फलप्रद नहीं होता?**

(a) समय न आने पर
(b) समय अधिक होने पर
(c) समय बीत जाने पर
(d) समय कम होने पर

**37. अकर्मण्यता शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय कौन से हैं?**

(a) उपसर्ग अ एवं प्रत्यय ता
(b) उपसर्ग नही है, प्रत्यय ता
(c) उपसर्ग ता और प्रत्यय अ
(d) उपसर्ग अकर्मण्य एवं प्रत्यय ता

**38. दुनिया के सफलतम व्यक्तियों की सफलता का रहस्य क्या है?**

(a) समय का पालन
(b) समय का सदुपयोग
(c) समय की कीमत
(d) समय का प्रयोगा

**39. ''दिन में यह सोफा बन जाता है और रात को पलंग, इसे कहते हैं ..............''।**

(a) जहाँ चाह वहाँ राह
(b) आम के आम गुठलियों के दाम
(c) एक पंथ दो काज
(d) चित्त भी मेरी पट्ट भी मेरी

**40. 'मातृणाम्' का शुद्ध संधि-विच्छेद है**

(a) मात + ऋणाम् (b) मातृ + ऋणाम्
(c) मात + रिणाम् (d) मातर + इणाम्

**41. तत्पुरुष समास में 'तत्पुरुष' का शब्दार्थ क्या होता है?**

(a) मेरा पुरुष (b) उसका पुरुष
(c) जिस का पुरुष (d) किस का पुरुष

**42. देश-वेश-क्लेश-भेष इन चारों में से कितने स्त्रीलिंग शब्द हैं?**

(a) 0 (b) 2
(c) 1 (d) 4

**43. आदर्शिका का तद्भव शब्द है**

(a) आँच (b) आरसी (c) आदर्श (d) अदरक

**44. य, र, ल, व किस वर्ग के व्यंजन हैं?**

(a) ऊष्म (b) अंतःस्थ
(c) दंत्य (d) तालव्य

**45. निम्नलिखित में शुद्ध शब्द है-**

(a) लब्धप्रतिष्ठा (b) लुब्धपृतिष्ठ
(c) लब्धप्रतिष्ठ (d) लब्धपृतिष्ठ

**46. 'दीन दुखियों को भोजन देने की व्यवस्था' – वाक्यांश के लिए एक शब्द है :**

(a) भंडारा (b) दातव्य (c) सदावर्त्त (d) धर्मार्थ

**47. दिए गए शब्द युग्म का सही शब्द युग्म ज्ञात कीजिए।**
**इंद्रा : इंद्र**

(a) बाधा : इंद्राणी
(b) इंद्राणी : सुरपति
(c) उद्धृत : देवी
(d) देवी : शिक्षा

**48. किस शब्द में उपसर्ग नहीं है?**

(a) विरासत (b) व्यापार
(c) वीक्षक (d) विकल

**49. सही विकल्प का चयन करें जो शुद्ध वाक्य है।**

(a) मैंने गुरुजी का दर्शन किया।
(b) मैंने गुरुजी को दर्शन किया।
(c) मैंने गुरुजी को दर्शन किए।
(d) मैने गुरुजी के दर्शन किए।

**50. 'माँ <u>के लिए</u> दवा ले आओ' वाक्य में रेखांकित शब्द है?**

(a) कर्त्ता कारक
(b) कर्म कारक
(c) करण कारक
(d) संप्रदान कारक

# SOLUTION : PRACTICE SET- 4

## ANSWER KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 6. (a) | 11. (a) | 16. (c) | 21. (b) | 26. (b) | 31. (c) | 36. (c) | 41. (b) | 46. (c) |
| 2. (c) | 7. (c) | 12. (c) | 17. (d) | 22. (d) | 27. (c) | 32. (b) | 37. (a) | 42. (a) | 47. (b) |
| 3. (c) | 8. (a) | 13. (b) | 18. (c) | 23. (c) | 28. (a) | 33. (a) | 38. (b) | 43. (b) | 48. (a) |
| 4. (a) | 9. (b) | 14. (a) | 19. (a) | 24. (d) | 29. (c) | 34. (a) | 39. (c) | 44. (b) | 49. (d) |
| 5. (a) | 10. (b) | 15. (a) | 20. (d) | 25. (d) | 30. (a) | 35. (d) | 40. (b) | 45. (c) | 50. (d) |

## SOLUTION

**1. (d)**

'चीरजीवौ जोरी जुरै, क्यों न सनेह गंभीर।

को घटि ये वृषभानुजा, वे हलधर के बीर।।'

उक्त पंक्ति में 'श्लेष अलंकार' है। यहाँ वृषभानुजा और हलधर शब्द के दो-दो अर्थ हैं।

वृषभानुजा – वृषभानु की पुत्री 'राधा'

– वृषभ की अनुजा 'गाय'

हलधर – 'बलराम'

– हल को धारण करने वाला 'बैल'

जहाँ कोई एक शब्द एक बार ही प्रयोग होता है, किंतु उसके अर्थ एक से अधिक होते हैं वहाँ श्लेष अलंकार होता है। श्लेष का अर्थ है–चिपका, अर्थात एक शब्द के साथ दो या दो से अधिक अर्थ चिपके हुए होते हैं।

**2. (c)**

| | |
|---|---|
| 'अद्भुत रस' का स्थायी भाव | – विस्मय/आश्चर्य |
| 'हास्य' रस का स्थायी भाव | – हास |
| 'शांत' रस का स्थायी भाव | – निर्वेद/शम/वैराग्य |
| 'वीभत्स' रस का स्थायी भाव | – जुगुप्सा (घृणा) |

**3. (c)**

'सुपुरुष' में कर्मधारय समास है। इसका विग्रह है - सुंदर पुरुष। वह समास जिसका पहला पद विशेषण एवं दूसरा पद विशेष्य होता है, कर्मधारय समास कहलाता है।

**4. (a)**

'क्षपाकर' निशाकर का समानार्थी शब्द है क्योंकि दोनों का अर्थ चन्द्रमा है। जबकि रजनीचर-राक्षस का पर्याय तथा दिवाकर और प्रभाकर सूर्य के पर्यायवाची शब्द हैं।

**5. (a)**

'उन्मीलन' शब्द का विलोम है– 'निमीलन'।

शेष विकल्प असंगत हैं।

**6. (a)**

दिये गये विकल्पों में 'कृपा' तत्सम शब्द है इसका तद्भव 'किरपा' होगा।

| **तद्भव** | **तत्सम** |
|---|---|
| झरना | निर्झर |
| मकड़ी | मर्कटी |
| कटहल | कंटफल |

**7. (c)**

'कुशासन' का संधि-विच्छेद 'कुश + आसन' होगा। 'कुशासन' में दीर्घ संधि है।

**8. (a)**

दिए हुए प्रश्न में 'हल संधि' स्वर-संधि का भेद नहीं हैं। शेष विकल्प स्वर संधि के भेद हैं। मूल रूप से स्वर-संधि के 5 भेद हैं।

(i) दीर्घ, (ii) गुण, (iii) अयादि, (iv) वृद्धि, (v) यण

**9. (b)**

मन में आने-जाने वाले (संचरण करने वाले) भावों को संचारी भाव अथवा व्यभिचारी भाव कहा जाता है। संचारी भावों की कुल संख्या तैंतीस हैं। **अमर्ष** भी एक **संचारी भाव** है जो विरोधी का अपकार करने की अक्षमता से उत्पन्न तथा दुःख के कारण उत्पन्न होता है। यह अपने अपमान या तिरस्कार के कारण उत्पन्न क्षोभ है।

**10. (b)**

दिये गये विकल्पों में 'कौआ, खरगोश, मंडल' पुल्लिंग शब्द हैं। संज्ञा के जिस रूप से व्यक्ति या वस्तु की नर या मादा जाति का बोध होता है उसे व्याकरण में 'लिंग' कहते हैं। हिन्दी में लिंग के दो भेद हैं- पुल्लिंग तथा स्त्रीलिंग।

**11. (a)**

'पानी' नित्य एकवचन में प्रयुक्त होने वाला शब्द है। इसका बहुवचन रूप नहीं होता, अतः विकल्प (a) सही उत्तर है।

**12. (c)**

'आग लगाकर पानी को दौड़ना- कहावत का अर्थ '**पहले झगड़ा लगाना, फिर शान्त करने की कोशिश करना**' है। अन्य मुहावरे इस प्रकार हैं-

| **मुहावरा** | **अर्थ** |
|---|---|
| घड़ों पानी पड़ जाना | अत्यन्त लज्जित होना |
| गाड़ी के आगे काठ रखना | अड़चन डालना। |

**13. (b)**

'आग से झुलसा हुआ' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'अनलदग्ध' होता है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

**14. (a)**

प्रश्नगत विकल्पों में 'द्वारिका' शब्द की वर्तनी अशुद्ध है। इसकी शुद्ध वर्तनी 'द्वारका' होगी, जबकि अहल्या , आर्द्र, प्रव्रज्या वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध हैं।

**15. (a)**

दिये गये विकल्पों में 'कृपया कार्यक्रम में पधारें।' शुद्ध वाक्य है। शेष सभी वाक्य अशुद्ध हैं।

**16. (c)**

भारत भारती राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की रचना है। गुप्तजी की अन्य प्रमुख कृतियाँ हैं – पंचवटी, साकेत, यशोधरा, जयद्रथ वध आदि।

**17. (d)**

'प्रतिपदा' का अर्थ है 'पक्ष या पखावारे की पहली तिथि'। अन्य शब्द के अर्थ इस प्रकार हैं-

| **शब्द** | **अर्थ** |
|---|---|
| पूर्णिमा | शुक्ल पक्ष की 15वीं/मास पक्ष की 30वीं तिथि |
| एकादशी | मास के किसी पक्ष की 11वीं तिथि |
| विरोधी | विरोध करने वाला |

**18. (c)**

'नेति-नेती' शब्द युग्म का अर्थ अनंत-बंधन नहीं होगा, इसका सही अर्थ 'नेति 'अनन्त, 'नेती' मथानी की रस्सी होगा।

**19. (a)**

दिये गये विकल्पों में सही विराम चिह्न से युक्त वाक्य है-'सुनो, सुनो', वह गा रही है। अन्य विकल्पों में दिये गये वाक्यों के शुद्ध रूप इस प्रकार हैं-

रामनरेश गोबर-गणेश है।

राम, लक्ष्मण और शत्रुघ्न पधारे हैं।

क्या आप हरिद्वार से आ रहे हैं?

**20. (d)**

'मोहन बाजार पहुँच गया।' इस वाक्य में सकर्मक क्रिया का प्रयोग किया गया है। इस वाक्य में बाजार कर्म है तथा पहुँचना क्रिया है। जिस वाक्य में क्रिया का परिणाम कर्म पर पड़ता हो, वह वाक्य सकर्मक क्रिया का वाक्य कहलाता है।

**21. (b)**

'मंत्री जी ने पर्याप्त समय दिया हैं' वाक्य में परिमाणवाचक क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है।

**क्रिया विशेषण** - जिस शब्द से क्रिया की विशेषता का पता चलता है उसे क्रिया विशेषण कहते हैं।

अर्थ के अनुसार, इसके चार भेद हैं-

(1) परिमाणवाचक - कुछ, लगभग, पर्याप्त

(2) रीतिवाचक - शायद, ठीक, अवश्य, सही आदि।

(3) स्थानवाचक - यहाँ, वहाँ, ऊपर, नीचे आदि।

(4) कालवाचक - आज, अब, कब, निरंतर आदि।

**22. (d)**

'सनसनाहट' शब्द में 'आहट' प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है। वे शब्दांश जो किसी शब्द के अंत में जुड़कर उसके अर्थ में विशेषता उत्पन्न कर देते हैं, प्रत्यय कहलाते हैं। प्रत्यय मुख्य रूप से दो प्रकार के होते हैं-

(i) कृत प्रत्यय (ii) तद्धित प्रत्यय

'आहट' प्रत्यय से बने कुछ शब्द इस प्रकार हैं-

**आहट**- घबराहट, खिलखिलाहट आदि।

**23. (c)**

'लड़का' विकारी शब्द का उदाहरण है। किसी भी भाषा को सही और शुद्ध रूप से लिखने और पढ़ने के लिए व्याकरण सहायक होते हैं। विकारी शब्द वे शब्द होते हैं, जिन्हें किसी वाक्य में प्रयोग करने पर इनके रूप बदल जाते हैं। **जैसे**- लड़का, लड़के, लड़कों।

**24. (d)**

'वह दूसरों को नहीं बल्कि अपने-आप को सुधार रहा है।' इस वाक्य में अधोरेखित शब्द में 'निजवाचक सर्वनाम' का प्रयोग हुआ है। निजवाचक सर्वनाम का परसर्ग 'आप' है जो कि स्वयं के लिए प्रयोग होता है।

**25. (d)**

दिये गये विकल्पों में उत्कृष्ट, निकृष्ट और धृष्ट शब्द विशेषण (गुणवाचक) हैं, जबकि 'विषाद' शब्द विशेषण नहीं है। विषाद संज्ञा (भाववाचक) पद है।

**26. (b)**

हवा चल रही है। अकर्मक क्रिया है जबकि अन्य वाक्य सकर्मक क्रिया के उदाहरण हैं। अकर्मक क्रियाओं में क्रिया का प्रभाव कर्त्ता पर पड़ता है। जबकि सकर्मक क्रिया का प्रभाव कर्म पर पड़ता है।

**27. (c)**

भोजपुरी बोली **पूर्वी हिन्दी** की उपभाषा नहीं है। यह बिहारी हिन्दी उपभाषा की प्रमुख बोली है। बिहारी हिन्दी उपभाषा के अंतर्गत मगही तथा मैथिली बोलियाँ भी आती हैं।

**28. (a)**

साहित्य के क्षेत्र में प्रथम नोबेल पुरस्कार रवीन्द्रनाथ टैगोर को दिया गया। इनके द्वारा रचित उपन्यास– राजर्षि, चतुरंग, चार अध्याय तथा कविता– गीतांजलि, भग्नहृदय (गीतिकाव्य) आदि इनका महत्वपूर्ण रचनाएँ हैं।

''जन, गण, मन, अधिनायक'' राष्ट्रगान इन्होंने ने ही लिखा था।

**29. (c)**

'उसने कहा कि मैं कल आऊँगी।' मिश्र वाक्य है। ऐसे वाक्य जिनमें सरल वाक्य के साथ-साथ कोई दूसरा उपवाक्य भी हो तो ऐसे वाक्य मिश्र वाक्य कहलाते हैं।

**30. (a)**

'विनय से चला नहीं जाता' भाववाच्य को दर्शाता है, जबकि अन्य सभी विकल्प कर्तृवाच्य के उदाहरण हैं।

**31. (c)**
'स्तुत्य' का विलोम 'हेय' है। 'हास' का विलोम 'रुदन' तथा 'हानि' का विलोम 'लाभ' होता है।

**32. (b)**
चाप, चपला, आपस में पर्यायवाची नहीं हैं। चाप व धनु आपस में पर्यायवाची हैं।

| **शब्द** | **पर्यायवाची** |
|---|---|
| धनु | सारंग, चाप, शरासन, धनुष, धनुही इत्यादि |
| चपला | विद्युत, दामिनी, तडित, चंचला इत्यादि |

**33. (a)**
उपर्युक्त पंक्तियों में दोहा नामक अर्द्धसम मात्रिक छंद है जिसके प्रथम चरण एवं तृतीय चरण में 13-13 मात्राएं एवं द्वितीय तथा चतुर्थ चरण में 11-11 मात्राएं होती हैं।

**34. (a)**
उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार कुछ लोग समय की कमीं के बहाने अपनी अकर्मण्यता और आलस्य को छुपाते हैं।

**35. (d)**
उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार जिस विद्यार्थी ने समय की कीमत जान ली वह सफलता को अवश्य प्राप्त करता है।

**36. (c) :**
उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार समय बीत जाने के बाद कार्य फलप्रद नहीं होता।

**37. (a)**
उपर्युक्त अनुच्छेद में दिये गये शब्द 'अकर्मण्यता' में 'अ' उपसर्ग एवं 'ता' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है। इसमें 'कर्मण्य' मूल शब्द है।

**उपसर्गः–** उपसर्ग उस शब्दांश या अव्यय को कहते हैं, जो किसी शब्द के पहले आकर उसका विशेष अर्थ प्रकट करता है, जैसे- 'भ्रमण' शब्द में 'परि' उपसर्ग लगने से 'परिभ्रमण' शब्द बना।

**प्रत्यय :–** शब्द के बाद जो अक्षर या अक्षर समूह लगाया जाता है, उसे 'प्रत्यय' कहते हैं। जैसे- 'भला' शब्द में 'आई' प्रत्यय लगने से 'भलाई' शब्द बना।

**38. (b)**
उपर्युक्त अनुच्छेद के अनुसार दुनिया के सफलतम व्यक्तियों की सफलता का रहस्य समय का सदुपयोग है।

**39. (c)**
'दिन में यह सोफा बन जाता है और रात को पलंग'' इसके लिए उपयुक्त लोकोक्ति 'एक पंथ दो काज' होगा; जब कि 'आम तो आम गुठलियों के दाम' लोकोक्ति का अर्थ सब तरह से लाभ ही लाभ तथा 'चित्त भी मेरी पट्ट भी मेरी' लोकोक्ति का अर्थ हर स्थिति में लाभ प्राप्त होना है।

**40. (b)**
मातृ + ऋणाम् = मातृणाम् शुद्ध संधि विच्छेद है। इसमें दीर्घ संधि है। अ, आ, इ, ई, उ, ऊ और ऋ के बाद वे ही ह्रस्व या दीर्घ स्वर आये, तो दोनों मिलकर क्रमशः आ, ई, ऊ और ॠ हो जाता है, तो वहाँ दीर्घ संधि होती है।

**जैसे** – पितृ + ऋण = पितृण, भानु + उदय = भानूदय,
गिरि + ईश = गिरीश।

**41. (b)**
**तत्पुरुष** समास में 'तत्पुरुष' का शब्दार्थ 'उसका पुरुष' होता है। इस समास में अन्तिम पद की प्रधानता होती है।

**42. (a)**
दिये गये शब्दों देश-वेश-क्लेश-भेष इन चारों में एक भी स्त्रीलिंग शब्द नहीं है। सभी शब्द पुल्लिंग हैं।

**43. (b) :**

| **तद्भव** | | **तत्सम** |
|---|---|---|
| आँच | - | अर्चि |
| आरसी | - | आदर्शिका, आदर्श |
| अदरक | - | आर्द्रक |

**44. (b)**
य, र, ल, व अन्तःस्थ व्यंजन के उदाहरण हैं।
ऊष्म व्यंजन - श, ष, स, ह
दंत्य व्यंजन - त वर्ग, ल, स
तालव्य व्यंजन - च वर्ग, य, श

**45. (c)**
दिये गये विकल्पों में से 'लब्धप्रतिष्ठ' वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

**46. (c)**
वाक्यांश का विवरण–

| | | |
|---|---|---|
| दीन दुखियों को भोजन देने की व्यवस्था | – | सदावर्त्त |
| एक साथ बहुत लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था | – | भंडारा |
| धर्म के प्रति किया गया कार्य | – | धर्मार्थ |
| वह स्थान जहाँ औषधियाँ दानस्वरूप मिलती हैं | – | दातव्य |

**47. (b)**
दिए गए शब्द युग्म का सही अर्थ -
इंद्रा का अर्थ - इंद्राणी
इंद्र का अर्थ - सुरपति

**48. (a)**
'विरासत' शब्द में उपसर्ग का प्रयोग नहीं किया गया है। जबकि व्यापार, वीक्षक तथा विकल में 'वि' उपसर्ग के रूप में प्रयोग हुआ है।

**49. (d)**
वाक्य 'मैंने गुरूजी के दर्शन किए' शुद्ध है, शेष विकल्प अशुद्ध हैं।

**50. (d)**
'माँ के लिए दवा ले आओ' वाक्य में रेखांकित शब्द में संप्रदान कारक है।

# PRACTICE SET - 5

**1. 'काजल की रेख-सी कतार है खजूर की'–इस पंक्ति में अर्थालंकार का कौन सा भेद झलकता है?**

(a) रूपक (b) उत्प्रेक्षा
(c) उपमा (d) मानवीकरण

**2. मन रे तन कागद का पुतला।**
**लागै बूँद बिनसि जाय छिन में,**
**गरब करे क्या इतना।।**
**इन पंक्तियों में कौन-सा रस है?**

(a) भक्ति रस (b) श्रृंगार रस
(c) करुण रस (d) शांत रस

**3. 'परमेश्वर' में कौन सा समास है?**

(a) द्वंद्व (b) कर्मधारय
(c) अव्ययीभाव (d) तत्पुरुष

**4. मनसिज का पर्यायवाची है**

(a) पुष्पसेज (b) मंडप
(c) कामदेव (d) मंदिर

**5. किस विकल्प में सही विलोम-युग्म है?**

(a) नूतन - पुरातन (b) निषिद्ध - तुच्छ
(c) कर्कश - खुरखुरा (d) जोड़ - मेल

**6. इनमें से 'घोटक' शब्द क्या है?**

(a) देशज (b) तद्भव
(c) तत्सम (d) विदेशज

**7. किस संधि में स्वरों का परिवर्तन य, र, ल्, व् में होता है?**

(a) अयादि सन्धि (b) वृद्धि सन्धि
(c) गुण सन्धि (d) यण् सन्धि

**8. 'धातूष्मा' में प्रयुक्त सन्धि है–**

(a) अयादि (b) गुण
(c) दीर्घ (d) यण्

**9. 'मसृण' का विपरीतार्थक शब्द होगा–**

(a) सुकुमार (b) चिक्कण
(c) रुक्ष (d) नरम

**10. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है?**

(a) इच्छा (b) झुरमुट
(c) अंत्योष्टि (d) निराशा

**11. 'उसके पास रुपया है' इनमें रुपया शब्द है:**

(a) एकवचन
(b) बहुवचन
(c) उक्त दोनों
(d) उक्त दोनों नहीं

**12. 'ठीक-ठीक न्याय हो जाना- के लिए उचित लोकोक्ति चुनें।**

(a) तेल देखो तेल की धार देखो
(b) दुल्हा को पत्तल नहीं बजनिए को थाल
(c) दूध का दूध पानी का पानी
(d) तू डाल डाल, मैं पात-पात

**13. 'जिस पेड़ के पत्ते झड़ गये हों'– के लिए एक शब्द है**

(a) प्रपर्ण (b) अपर्णा
(c) पत्रहीन (d) अपत

**14. इनमें से शुद्ध वर्तनी का रूप है-**

(a) निरझरणी (b) निरझरिणी
(c) निर्झरिणी (d) निर्झरणी

**15. कमला बहुत विद्वान है।**

(a) कमला विद्वान है बहुत।
(b) कमला विदुषी है बहुत।
(c) कमला बहुत विदुषी है।
(d) उपर्युक्त में से एक से अधिक

**16. 'हल्दी घाटी' के रचनाकार कौन हैं?**

(a) राणाप्रताप (b) हरिऔध
(c) श्याम नारायण पांडे (d) सोहनलाल द्विवेदी

**17. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'व्याल' शब्द का अर्थ नहीं है?**

(a) साँप (b) शेर
(c) राजा (d) दुर्गा

**18. 'श्वेत' और 'स्वेद' का अर्थ है:**

(a) स्वक्ष और पसीना (b) सफेद और मनमाना
(c) सफेद और पसीना (d) निजी और सफेद

**19. दिए गए वाक्य में उपयुक्त विराम चिह्न का चयन कीजिए।**
**जून जुलाई में यहाँ बहुत बारिश होती है।**

(a) , (b) " "
(c) :- (d) –

**20. जिस क्रिया से सूचित होने वाला व्यापार कर्त्ता करे और उसका फल कर्त्ता पर ही पड़े उसे ________ क्रिया कहते हैं।**

(a) व्युत्पन्न (b) अकर्मक

(c) सम्मिश्र (d) सकर्मक

**21. 'परीक्षा के दिनों में छात्र दिन-रात पढ़ते हैं।' इस वाक्य में 'दिन-रात' किस प्रकार का क्रियाविशेषण है?**

(a) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण

(b) कालवाचक क्रियाविशेषण

(c) रीतिवाचक क्रियाविशेषण

(d) स्थानवाचक क्रियाविशेषण

**22. 'कृत्' और 'तद्धित' इनमें से किसके भेद हैं?**

(a) अव्यय (b) उपसर्ग

(c) प्रत्यय (d) सर्वनाम

**23. 'सौन्दर्य' कैसा शब्द है?**

(a) भाववाचक संज्ञा (b) जातिवाचक संज्ञा

(c) गुणवाचक विशेषण (d) सार्वनामिक विशेषण

**24. 'कोई' और 'कुछ' का प्रयोग निम्न में से किस सर्वनाम में किया जाता है?**

(a) संबंधवाचक (b) प्रश्नवाचक

(c) अनिश्चयवाचक (d) निश्चयवाचक

**25. निम्न में विशेषण शब्द है :**

(a) लड़कपन (b) उचित

(c) कठोरता (d) घबराहट

**26. कौन-सा संयुक्त क्रिया का भेद नहीं है?**

(a) अवकाशबोधक

(b) निश्चयबोधक

(c) नित्यताबोधक

(d) नामबोधक

**27. भाषा लिखने के लिए प्रयुक्त चिह्नों के व्यवस्थित रूप को क्या कहते हैं?**

(a) व्याकरण (b) बोली

(c) भाषा (d) लिपि

**28. नीचे दिए गये दोहे को ध्यान से पढ़ें और उससे जुड़े प्रश्न का जवाब दें।**

**''जो रहीम उत्तम प्रकृति, का करि सकत कुसंग। चन्दन विष व्यापत नहीं, लिपटे रहत भुजंग।''**

**इनमें से किस सूक्ति का मतलब इस दोहे के बिल्कुल उल्टा है?**

(a) पूत के पैर पालने में ही दिख जाते हैं।

(b) सौ सोनार की एक लोहार की।

(c) संगत से गुण होत है, संगत से गुण जात।

(d) काल करे सो आज कर आज करे सो अब।

**29. विद्यालय की शोभा वही बढ़ा सकता है, जो अनुशासन में रहे। यह किस वाक्य का उदाहरण है?**

(a) संयुक्त वाक्य (b) प्रश्नवाचक वाक्य

(c) सरल वाक्य (d) मिश्र वाक्य

**30. इनमें से कर्तृवाच्य का उदाहरण कौन-सा है?**

(a) भारत ने एक नया उपग्रह छोड़ा

(b) माँ ने बेटी को पुकारा

(c) श्याम के द्वारा पुस्तक पढ़ी गई

(d) उपरोक्त सभी

**31. निरन्तर अभ्यास करने में जड़मति भी..... बन जाता है–**

(a) सज्जन (b) सुजान

(c) सुबोध (d) सुयोग्य

**32. 'चोर' का पर्यायवाची शब्द है-**

(a) खनक (b) उदक

(c) धूसर (d) थलचर

**33. ''जिहि सुमिरत सिधि होइ। गननायक करिवर बदन। करहु अनुग्रह सोइ। बुद्धि राशि सुभ गुन सदन।।''**

**उपर्युक्त पंक्तियों में छन्द है –**

(a) दोहा (b) सोरठा

(c) बरवै (d) रोला

**निर्देश: निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उस पर आधारित प्रश्नों (34-38) के उत्तर चुनिए:**

**क्या आपको पता है कि विश्व में सबसे जटिल तंत्र आपके मस्तिष्क में ही स्थित है? शताब्दियों में मस्तिष्क (Brain) की तुलना मनुष्य द्वारा बनाई गई विभिन्न मशीनों से की जाती रही है। यह सब जानते हैं कि सबसे आधुनिक मशीन कंप्यूटर है जिससे मस्तिष्क की तुलना की जाती है। कंप्यूटर की क्रिया बहुत ही तेज होती है, लेकिन उसके कार्य सीमित हैं क्योंकि कंप्यूटर मनुष्य द्वारा दिए गए कार्यक्रम के अनुसार ही काम करता है। इस तरह कोई भी मशीन मस्तिष्क की बराबरी नहीं कर सकती। मस्तिष्क में असंख्य तंत्रिका कोशिकाएँ (Nerve cells) जटिल रूप से जुड़ी रहती हैं जिनके कारण इसको सूचना प्राप्त करने, मस्तिष्क में उनका संग्रह करने, स्तरण करने और सूचनाओं को प्रोसेस करने और साथ ही साथ नए-नए विचार उत्पन्न करने की क्षमता मिलती है। वैज्ञानिक**

'बुद्धिमान' कंप्यूटर बनाने की जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं लेकिन यह अलग ही कहानी है। यदि हम मानव सभ्यता के इतिहास की ओर देखें तो पता चलता है कि मन (Mind) और इसकी मानसिक प्रक्रियाएँ सदैव से ही दार्शनिकों के बीच रोचक चर्चा किंतु मतभेद का विषय रही हैं। अभी कुछ ही समय पहले तक हम मस्तिष्क की प्रकृति के बारे में या शरीर से इसके संबंध में बहुत कुछ नहीं जानते थे। यहाँ तक कि मन, जिसे आध्यात्मिक माना जाता था, और मस्तिष्क, जिसे सांसारिक समझा जाता था, दोनों के बीच संबंध के बारे में भी मतभेद था।

**34. मस्तिष्क में जटिल रूप से क्या जुड़ी रहती हैं?**

(a) मशीन की क्षमताएँ
(b) तंत्रिका कोशिकाएँ
(c) बुद्धिमान कंप्यूटर प्रणालियाँ
(d) मन की भावनाएँ

**35. किन दोनों के बीच संबंध के बारे में मतभेद था?**

(a) मन और मनुष्य
(b) वैज्ञानिक और कंप्यूटर
(c) मन और मस्तिष्क
(d) मनुष्य और कंप्यूटर

**36. विश्व में सबसे जटिल तंत्र कहाँ स्थित है?**

(a) मशीन में (b) कंप्यूटर में
(c) मन में (d) मस्तिष्क में

**37. मस्तिष्क की तुलना किससे की जाती है?**

(a) वैज्ञानिकों से (b) मन से
(c) कंप्यूटर से (d) विज्ञान से

**38. इस अनुच्छेद का उपयुक्त शीर्षक क्या हो सकता है?**

(a) मानसिक प्रक्रियाएँ
(b) आध्यात्मिकता
(c) मानव-मस्तिष्क
(d) कंप्यूटर प्रणाली

**39. 'कब बबा मरही त कब बरा चुरही' का अर्थ है –**

(a) किसी के लिए अपशगुन शब्द कहना
(b) कार्य का अनिश्चित होना
(c) प्रसन्नता व्यक्त करना
(d) किसी का इंतजार करना

**40. 'शीतर्तु' का संधि-विच्छेद कौन-सा है?**

(a) शि + रतु (b) शिता + रुतु
(c) शीत + ऋतु (d) शित + रितु

**41. 'बैलगाड़ी' में समास है :**

(a) द्वंद्व (b) द्विगु
(c) अव्ययीभाव (d) तत्पुरुष

**42. 'एकाकिनी' शब्द का लिंग बदलें।**

(a) एक (b) एकाकिन
(c) एकाकी (d) एकाकिनी

**43. उछाह का तत्सम बताइये?**

(a) उत्साह (b) उगाह
(c) उल्लास (d) उज्जड़

**44. कंठ्यतालव्य दीर्घ स्वर वर्ण का उदाहरण कौन-सा है?**

(a) ऊ (b) औ
(c) ऋ (d) ए

**45. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द का चयन कीजिए।**

(a) अनुग्रहीत (b) अनुगृहीत
(c) अनुग्रहित (d) आनुगृहीत

**46. 'हवन में जलाने वाली लकड़ी' के लिए एक शब्द कौन-सा होगा?**

(a) वन काष्ठ (b) शुष्क काष्ठ
(c) समिधा (d) हवन सामग्री

**47. दिए गए शब्द युग्म का सही शब्द युग्म ज्ञात कीजिए।**

**कलि : कली**

(a) दुर्ग : कीर
(b) कीर : कलियुग
(c) कलिका : दुर्ग
(d) कलियुग : कलिका

**48. इनमें से कौन-सा शब्द एक से अधिक उपसर्गों से बना है?**

(a) पर्यावरण (b) असुरक्षित
(c) अधकचरा (d) अत्याचार

**49. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य शुद्ध है?**

(a) बंदूक एक बहुत ही उपयोगी अस्त्र है।
(b) बाघ और बकरी एक घाट पानी पीती है।
(c) कई रेलवे के कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई।
(d) श्रीकृष्ण के अनेकों नाम है।

**50. मैं प्रतिदिन <u>दूध</u> पीता हूँ। वाक्य के रेखांकित पद में कारक है :**

(a) करण (b) कर्म
(c) संप्रदान (d) संबंध

# SOLUTION : PRACTICE SET- 5

## ANSWER KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (c) | 6. (c) | 11. (b) | 16. (c) | 21. (b) | 26. (d) | 31. (b) | 36. (d) | 41. (d) | 46. (c) |
| 2. (d) | 7. (d) | 12. (c) | 17. (d) | 22. (c) | 27. (d) | 32. (a) | 37. (c) | 42. (c) | 47. (d) |
| 3. (b) | 8. (c) | 13. (d) | 18. (c) | 23. (a) | 28. (c) | 33. (b) | 38. (c) | 43. (a) | 48. (a) |
| 4. (c) | 9. (c) | 14. (c) | 19. (d) | 24. (c) | 29. (d) | 34. (b) | 39. (b) | 44. (d) | 49. (a) |
| 5. (a) | 10. (b) | 15. (c) | 20. (b) | 25. (b) | 30. (a) | 35. (c) | 40. (c) | 45. (b) | 50. (b) |

## SOLUTION

**1. (c)**

'काजल की रेख–सी कतार है खजूर की' इस पंक्ति में वाचक शब्द 'सी' प्रयुक्त हुआ है, अतः इस पंक्ति में **उपमा अलंकार** होगा। जहाँ समान धर्म, स्वभाव, शोभा, गुण आदि के आधार पर एक वस्तु की तुलना दूसरी वस्तु से की जाती है वहाँ 'उपमा अलंकार' होता है। इसके वाचक शब्द हैं– सा, सम, सी, सरिस, तुल्य। **उदाहरण–** 'मुख चन्द्र सा सुन्दर है।' यहाँ पर मुख-उपमेय, चन्द्र-उपमान, समान धर्म- सुन्दरता, सादृश्य वाचक शब्द - सा है।

**2. (d)**

जिन विषयों या उद्दीपनों से परमात्मा के वास्तविक रूप का ज्ञान होता है और अन्य विषयों से वैराग्य हो जाता है वहाँ **शान्त रस** की निष्पत्ति होती है।

'मन रे . . . . . . . . . . . क्या इतना।'।

इस पद्य में कवि ने तन को कागज के पुतले के समान माना है जो क्षण भर में पानी की बूँदों से नष्ट हो सकता है फिर भी इस तन पर इतना गुमान क्यों? यहाँ पर कवि तन को छोड़कर परमात्मा के प्रति अनुराग पैदा करता है अतः उपरोक्त पद्य में **शान्त रस** होगा।

**3. (b)**

'परमेश्वर-(परम + ईश्वर)' में कर्मधारय समास है। इस समास में उत्तर पद प्रधान होता है तथा पूर्व पद व उत्तर पद में उपमान-उपमेय अथवा विशेषण-विशेष्य का सम्बन्ध होता है।

जैसे– प्राणप्रिय– प्राणों के समान प्रिय

लालमणि– लाल है जो मणि

**4. (c)**

'मनसिज', 'कामदेव' का पर्यायवाची शब्द है, इनके अन्य पर्यायवाची शब्द – मदन, मकरध्वज, केतन, मनोभव, कन्दर्प, अनंग, पुष्पधन्वा, पंचशर, मीनकेतु, रतिपति इत्यादि हैं।

**5. (a)**

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| नूतन | पुरातन |
| कर्कश | मधुर |
| निषिद्ध | विहित |
| तुच्छ | महान |

**6. (c)**

'घोटक' शब्द तत्सम है जिसका तद्भव 'घोड़ा' होता है।

**7. (d)**

**यण् सन्धि (इकोयणचि)** – ह्रस्व अथवा दीर्घ इ, उ, ऋ, ऌ के बाद यदि कोई अवर्ण (इनसे भिन्न) स्वर आता है तो इ अथवा ई के बदले य्, उ अथवा ऊ के बदले व् तथा ऋ के बदले र् हो जाता है तथा ऌ के बदले ल् हो जाता है।

**8. (c)**

धातूष्मा = धातु + ऊष्मा में दीर्घ स्वर संधि है।

इसके नियमानुसार जब ह्रस्व या दीर्घ अ, इ, उ, ऋ के बाद ह्रस्व या दीर्घ अ, इ, उ, ऋ आये तो दोनों मिलकर दीर्घ आ, ई, ऊ, ॠ बन जाते हैं। जैसे–

लघु + ऊर्मि = लघूर्मि, सिंधु + ऊर्मि = सिंधूर्मि, साधु + ऊर्जा = साधूर्जा, वधू + उत्सव = वधूत्सव।

**9. (c)**

'मसृण' का विपरीतार्थक शब्द 'रुक्ष' होगा। अन्य शब्दों के विलोम निम्न हैं–

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| सुकुमार | उद्दण्ड |
| चिक्कण | खुरदुरा |
| नरम | कड़ा/कठोर |

**10. (b)**

झुरमुट शब्द स्त्रीलिंग नहीं है। बल्कि यह पुल्लिंग है। शेष शब्द स्त्रीलिंग हैं।

**11. (b)**

'उसके पास रुपया है' इनमें रुपया शब्द बहुवचन है। कुछ शब्द स्वयं अर्थ में ही बहुवचन होते हैं। जैसे– प्राण, दर्शन हस्ताक्षर, आँसू आदि।

**12. (c)**

'ठीक-ठीक न्याय हो जाना' के लिए उचित लोकोक्ति 'दूध का दूध पानी का पानी' होना। अन्य विकल्प इस प्रकार हैं-

तेल न देखो तेल की धार देखो - सावधानी और धैर्य से काम लो।

दुल्हा को पत्तल नहीं बजनिए को थाल - जिसका जो हक है वह उसे नहीं मिलता।

तू डाल डाल, मैं पात-पात - एक से बढ़कर दूसरा चालाक।